www.epaper.azadsipahi.in
14 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही
रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 295

गांव का विकास ही राज्य के विकास की असली नींव : हेमंत




# झारखण्ड निर्माता, दूरदर्शी, आदिवासी अस्मिता के प्रहरी, सर्वप्रिय एवं हम सबके प्रेरणास्रोत



**जन्म- 11 जनवरी 1944** **निधन- 04 अगस्त 2025**

**प्रिय देशवासियों,**


दिशोम गुरु, आदरणीय शिबू सोरेन जी केवल मेरे पिता ही नहीं थे, बल्कि जल, जंगल और जमीन के प्रहरी, आदिवासी अस्मिता के रक्षक, और देशभर के वंचित, शोषित और गरीब वर्ग की आवाज थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा और संघर्ष को समर्पित किया। चाहे संसद का सदन हो या गांव की चौपाल—उन्होंने हर मंच से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और हमारे हक-हकूक की रक्षा की।

उनकी स्मृतियां, उनके आदर्श और उनके संघर्ष की गाथा हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। मैं आप सभी से निवेदन करता हूँ कि हम सब मिलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करें और एक न्यायपूर्ण, समानता आधारित एवं सम्मानपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। दिशोम गुरुजी की विरासत को हम सहेजेंगे, उनके विचारों को आगे बढ़ाएंगे और उनकी सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाएंगे।

मेरे पिता का जाना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए अपूरणीय क्षति है, परंतु उनकी आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलेंगे।

## दिशोम गुरु को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि !

आपका
**हेमन्त सोरेन**
**मुख्यमंत्री, झारखण्ड**



**हम, झारखण्ड के वासी, आपके अमूल्य योगदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे**

**श्राद्धकर्म**

**दशकर्म** : 15 अगस्त 2025 (शुक्रवार) **संस्कारभोज** : 16 अगस्त 2025 (शनिवार)
**कार्यक्रम स्थल** :- ग्राम : नेमरा, थाना : बरलंगा, प्रखण्ड : गोला, जिला : रामगढ़, झारखण्ड

**झामुमो केंद्रीय समिति**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.3 °c | 24.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.23 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.24 बजे |



## सादगी : पिता की तरह गांव की गलियों और पगडंडियों पर घूमते नजर आये सीएम

# गांव का विकास ही राज्य के विकास की असली नींव : हेमंत







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़/गोला।** नेमरा गांव के रास्तों पर चलते हुए, किसानों से मिलते हुए, जल-जंगल-जमीन के मुद्दों पर बोलते हुए – हर जगह मुख्यमंत्री में पिता की विरासत जीवित दिखायी देती है। यह रिश्ता केवल खून का नहीं, बल्कि विचारों, सिद्धांतों और सेवा के संकल्प का है। झारखंड की धरती अपनी प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगलों, कल-कल बहती नदियों और हरे-भरे खेतों के लिए जानी जाती है। इस धरती के सच्चे बेटे और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रकृति से गहरा लगाव है। यह लगाव केवल शब्दों में नहीं, बल्कि उनके जीवनशैली और नीतियों में साफ दिखाई देता है। गांव के प्राकृतिक वातावरण में पले-बढ़े मुख्यमंत्री आज भी अपने व्यस्त राजनीतिक जीवन में प्रकृति के साथ समय बिताना नहीं भूलते। इसी क्रम में बुधवार को मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव नेमरा में सादगीपूर्ण अंदाज में गांव की गलियों और पगडंडियों पर घूमते हुए नजर आये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना।

### बेटे में झलकती है पिता की परछाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लोग सिर्फ राज्य का मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि अपने पिता दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन जी की परछाई के रूप में भी देखते हैं। चाहे ग्रामीण इलाकों का दौरा हो, गरीब और वंचितों की समस्याएं सुनना हो या जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाना – हर कार्य में गुरुजी की सोच और आदर्श साफ झलकते हैं। जनसेवा, सरल स्वभाव और लोगों से गहरे जुड़ाव की वही विरासत, जिसे गुरुजी ने दशकों तक निभाया, आज मुख्यमंत्री अपने कार्यों से आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व में वही सादगी, वही संघर्ष और वही अटूट समर्पण झलकता है, जिसने गुरुजी को लोगों के दिलों में अमर कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जीवन का हर कदम पिता की सीख और आशीर्वाद से प्रेरित है। गुरुजी ने सिखाया कि राजनीति का अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा और अधिकारों की रक्षा है।

**किसी ने सच ही कहा, हेमंत अब शिबू सोरेन बन गये हैं**

### जल, जंगल और जमीन से है गहरा जुड़ाव

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल, जंगल और जमीन राज्य की पहचान और अस्तित्व का आधार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इन तीनों संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन को अपनी प्राथमिकता में रखकर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह केवल प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध झारखंड बनाने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की संस्कृति, परंपरा और आजीविका जल, जंगल और जमीन से अभिन्न रूप से जुड़ी है। यही कारण है कि राज्य सरकार जल संरक्षण, वनों की रक्षा और भूमि अधिकार सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की असली पहचान उसकी प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक धरोहर है। सरकार जल संरक्षण, वन संरक्षण और भूमि अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह धरती हरी-भरी और जीवनदायी बनी रहे।

### गांव और प्रकृति से जुड़ी हैं बचपन की यादें

मुख्यमंत्री का बचपन गांव की गोद में बीता, जहां सुबह की ठंडी हवा, खेतों की हरियाली और नदी की कलकल ध्वनि उनका रोज का साथी था। इसी वातावरण में पला-बढ़ा मन आज भी प्रकृति की गोद में सुकून पाता है। मुख्यमंत्री का सपना है कि झारखंड आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतना ही हरा-भरा, स्वच्छ और जीवनदायी बना रहे जितना यह आज है। वे मानते हैं कि विकास तभी सार्थक है, जब वह पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति के साथ तालमेल बिठाए। मुख्यमंत्री का मानना है कि जल, जंगल और जमीन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। ये लोकगीतों, त्योहारों और पारंपरिक रीति-रिवाजों में रचे-बसे हैं। इसलिए, इनके संरक्षण को सांस्कृतिक संरक्षण के रूप में भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव का विकास राज्य के सर्वांगीण विकास की बुनियाद है और हमारी सरकार ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| सिंह | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं मर्डर हुआ है : बाबूलाल मरांडी

**राज्य सरकार सिटिंग जज या सीबीआइ से कराये जांच**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर हमला बोला। मरांडी ने कहा कि आदिवासी नेता को अपराधी बनाना हो या निर्दोष को दोषी साबित करना हो, पैसे लेकर जमीन पर कब्जा कराना हो या माफियाओं को सरेआम आतंक करने की खुली छूट देना हो, अपने शक के आधार पर किसी की आवाज को दबाने के लिए एनकाउंटर करना हो या खास वर्ग को छूट देकर आदिवासियों की हत्या करना कराना हो। इन सारे कार्यों का जिम्मा झारखंड पुलिस में शामिल कुछ लोगों ने अपने कंधे पर ले लिया है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार में जिस तरह अपराधियों को शरण और संरक्षण देने वाली खुद अपराधी प्रवृत्ति का काम कुछ पुलिस वाले कर रहे हैं, उससे आम जनमानस के अलावा सत्ता और विपक्ष में बैठे नेताओं और उनके सहयोगियों को भी हर दिन जान का खतरा लगा रहता है।



उन्होंने कहा कि संघर्ष करते-करते रास्ता भटक जाने वालों को भारत के कानून और न्याय व्यवस्था ने हमेशा मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर दिया है। लेकिन आज, ऐसी ही एक आवाज को हमेशा के लिए खामोश कर दिया गया। झारखंड का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि एक जनसरोकारी सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं, मर्डर किया गया है वो भी किसी अपराधी द्वारा नहीं बल्कि वर्दी में छिपे कुछ कायरों और बुजदिलों द्वारा, जिन्हें डर है कि आदिवासियों की आवाज उनके कान का पर्दा न हिला दे, जिन्हें डर है कि आदिवासी राज्य में आदिवासी अपने हक अधिकार और संसाधन के लिए लड़ना न शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि झूठे मामलों में फंसाना, फर्जी केस दर्ज कर उत्पीड़न करना और लगातार दबाव बनाना, यही विरोध करने वालों से निपटने का रवैया हो गया है। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा की पत्नी और मां लगातार पुलिस पर आरोप लगा रही हैं, कि कैसे जानबूझकर उनके पति का, बेटे का मर्डर किया गया है। उनकी बस एक ही तो मांग है कि इस कृत्य की सीबीआइ से जांच करायी जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अगर सीबीआइ से आपको और आपके अफसरों को ज्यादा ही डर लगता है तो इसकी हाइकोर्ट के सिटिंग जज की अध्यक्षता में इसकी जांच करायें, सच सबके सामने लाइए, क्योंकि पुलिस का यह कृत्य किसी को भी पच नहीं रहा है।

# चुनी हुई सरकार की पुलिसिंग में दखल असंवैधानिक: तनुज खत्री

**लगाये जा रहे आरोप तथ्यों से परे हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड की पुलिस व्यवस्था और पदोन्नति प्रक्रिया पर लगातार लगाये जा रहे आरोप न केवल तथ्यों से परे हैं, बल्कि चुनी हुई सरकार के कामकाज में अनुचित और असंवैधानिक हस्तक्षेप भी हैं। उक्त बातें बुधवार को झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। राज्य की जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार चुनी है और पुलिसिंग की सीधी जिम्मेदारी स्वयं मुख्यमंत्री के पास है। ऐसे में चुनी हुई सरकार की पुलिसिंग और प्रशासनिक प्रक्रिया में दखल देना न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है, बल्कि संवैधानिक दायरे से भी बाहर है। विशेष रूप से, नियुक्ति प्रक्रिया पर बार-बार सवाल खड़ा करना पुलिस बल के मनोबल को कमजोर करने का प्रयास प्रतीत होता है। ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयानों से



अपराधी तत्वों का मनोबल बढ़ता है और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है। पिछले दिनों बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा था कि उनके खिलाफ पुलिस के पास कुछ ऐसे साक्ष्य हैं, जिनके सामने आने से उनकी छवि को नुकसान पहुंच सकता है। सवाल उठता है आखिर बाबूलाल मरांडी राज्य की पुलिस से इतना भयभीत क्यों हैं? झारखंड की पुलिस कानून और संविधान के तहत कार्य करती है, न कि किसी राजनीतिक इशारे पर। निराधार आरोपों से जनता के बीच भ्रम फैलाना और पुलिस बल का मनोबल गिराना न तो विपक्ष की जिम्मेदार भूमिका है और न ही राज्य हित में।

# प्रदीप वर्मा बने कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया की गवर्निंग बॉडी के सदस्य

## झारखंड के सांसद का पहली बार हुआ चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के गवर्निंग बॉडी चुनाव 2025 में झारखंड के राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह पहली बार है जब झारखंड के किसी सांसद ने इस प्रतिष्ठित क्लब की गवर्निंग बॉडी में सदस्य पद हासिल किया है।

गौरतलब है कि 1947 में स्थापित यह क्लब देश के सांसदों एवं पूर्व सांसदों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मंच है। इस चुनाव में कुल 1295 वोटरों ने हिस्सा लिया,



जिसमें झारखंड से 23 वोटर शामिल थे, और 21 ने मतदान किया। चुनाव के दौरान कई राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता, जैसे गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मतदान के लिए उपस्थित रहे। डॉ प्रदीप कुमार वर्मा की जीत में झारखंड के सभी वर्तमान एवं पूर्व सांसदों ने एकजुटता दिखाते हुए उनका समर्थन किया। इस अवसर पर झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अजय राय ने उन्हें बधाई देते हुए कहा, डॉ प्रदीप कुमार वर्मा का इस महत्वपूर्ण पद पर चुना जाना झारखंड के लिए गर्व का विषय है। यह न केवल राज्य की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला क्षण है, बल्कि इससे झारखंड की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिलेगी।

## आरोप : भाजपा के इशारे पर वोटर चोरी का काम कर रहा चुनाव आयोग

# प्रदेश महिला कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त फूंका पुतला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी ने बुधवार को अलबर्ट एक्का चौक में चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहीं प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर वोटर चोरी का काम कर रहा है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत को उजागर किया। भाजपा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को कमजोर कर रही है। मौके पर महिला कांग्रेस की सदस्यों ने जो करेगा वोट चोरी का खेल- तो लगेगी हथकड़ी, जायेगा जेल, धिक्कार है, धिक्कार है-वोट चोर सरकार है के नारे लगाये।



### ये रहीं मौजूद

पुतला दहन कार्यक्रम में पिंकी सिंह, पुनीता चौधरी, पार्वती सिंह, नीलम सहाय, अनिता देवी, प्रीति सहाय सीता राणा, मीनू सिंह, संगीता टोप्पो नीतू देवी मेरी तिर्की अजंता सामंत, वर्षा भावना सुनीता गोप आरती पांडेय शहनाज खातून प्रमिला देवी सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी शामिल थीं।

### हजारीबाग जमीन घोटाले में एसीबी ने आइएएस विनय चौबे को बनाया आरोपी

**रांची (आजाद सिपाही)।** शराब घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी विनय चौबे की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं। हजारीबाग में खासमहल जमीन घोटाला मामले में एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने विनय चौबे को भी अभियुक्त बनाया है। इस केस में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए विनय चौबे की हजारीबाग एसीबी की विशेष कोर्ट में हुई। बता दें कि एसीबी के थाना प्रभारी सौरभ लकड़ा की शिकायत पर यह कार्रवाई की गयी है। इससे पहले एसीबी ने तत्कालीन खासमहल पदाधिकारी विनोद चंद्र झा, बसंती सेठी, उमा सेठी, इंद्रजीत सेठी, राजेश सेठी, विजय प्रताप सिंह और सुजीत कुमार सिंह को आरोपी बना चुकी है। एसीबी ने इस मामले की प्राथमिक जांच पहले ही कर ली थी, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आये थे।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर बुधवार को सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग एवं बुनकर सेवा केंद्र रांची द्वारा फैशन शो और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फैशन टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने झारखंड की पारंपरिक कलाओं, मुख्य रूप से सोहराई एवं जादूपटिया कला से प्रेरित परिधानों को प्रदर्शित किया, जिसमें पारंपरिक डिजाइनों को समकालीन शैलियों का मिश्रण संजोया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे के स्वागत संबोधन से हुई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में हथकरघा दिवस का प्रारंभ और इतिहास तथा जीवन में कपड़े की कीमत को स्पष्ट किया। बुनकर सेवा केंद्र के उप-निदेशक प्रियदर्शी दरिपा ने संस्कृति एवं सूत उद्योग के उत्पाद का महत्व को दर्शाया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा सभी हथकरघा



बुनकरों को सहयोग एवं प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृति प्रदान किया जाता है। नवयुवकों को हस्तकरघा कला के क्षेत्र में शामिल करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन अलग-अलग क्षेत्रों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहनावे की शैली को दो भागों में प्रदर्शित किया गया। पहला आइक्यूएसी के साथ तथा दूसरा फैशन टेक्नोलॉजी विभाग ने रैंपवॉक के द्वारा प्रदर्शित किया, जिसमें अमीषा अंजना तिर्की, स्मृति तिर्की, फिजा, मोनाली, तन्वी और शुभ ने भाग लिया। साथ ही विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता कला और सांस्कृतिक गौरव का भी प्रदर्शन किया, जिसमें सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें इशानी,अजित,अदिति, कनक और मनीष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा मनोरंजन हेतु नृत्य कला का भी प्रदर्शन किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंटर सेक्शन के प्राचार्य फादर अजय अनिल तिर्की, उप-प्राचार्य फादर अजय अरुण मिंज, पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कीड़ो, पी शेही, प्रो गौतम रुद्र, मनीषा तिर्की और अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नासिर, सुमित, कोमल, पुनीता, प्रबंधन टीम के आलोक केरकेट्टा और सरवर तिर्की ने अहम भूमिका निभायी।

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 295


15 को प्रधानमंत्री मोदी का लालकिले से 12वां संबोधन



# ‘गुरुजी’ को श्रद्धांजलि देने नेमरा में उमड़ रहा हर वर्ग

- सरकार के कामकाज को भी निपटा रहे
- हर दिन श्राद्ध कर्म को कर रहे पूरा
- गांव का भ्रमण और मिलना-जुलना है जारी
- मुख्यमंत्री की पूरी दिनचर्या बदल गयी है

वीरू कुमार/अंजनी





**रामगढ़/गोला (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म को पूरा करने के लिए इन दिनों नेमरा में हैं। मुख्यमंत्री की दिनचर्या पूरी तरह बदली हुई है। वह हर दिन सुबह के श्राद्ध कर्म को पूरा करते हैं और फिर गांव के खेत-खलिहान में घूमते हैं। गांव के लोगों से मिलते हैं। सरकारी कामों को भी निपटाते हैं। इन सब के बीच गुरुजी को श्रद्धांजलि देने वाले आम से लेकर खास लोग तक हर दिन नेमरा पहुंच रहे हैं। उन सभी से हेमंत मिलते हैं।

## कल्पना ने बनाया भोजन, हेमंत सोरेन ने लगाया भोग

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को भी पारंपरिक विधि से अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का नौवें दिन का श्राद्ध कर्म किया। इस दौरान उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने पूरे विधि विधान से खाना-पका कर पूर्वज को भोग लगाने के लिए दिया। हेमंत अपने परिजनों और गांव के लोगों के साथ खाना लेकर निश्चित स्थान पर पूर्वजों को भोजन अर्पित किया। उन्होंने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति के लिए स्थानीय पारंपरिक विधान पूरा किया।

## खेत-खलिहान घूमे

हेमंत सोरेन का बचपन गांव की गोद में बीता है, जहां सुबह की ठंडी हवा, खेतों की हरियाली और नदी की कलकल ध्वनि उनके रोज के साथी थे। इन दिनों उन्होंने नेमरा के इस वातावरण में फिर से अपने को ढाल लिया है। वह गांव वालों के साथ खेत-खलिहान और नदी-नाले घूम-घूम कर देख रहे हैं। लोगों की परेशानी को समझ रहे हैं। उनकी समस्या को भी सुन रहे हैं और साथ ही दूर करने का निर्देश भी दे रहे हैं।

## फाइलों को निपटाया

इन सब के बीच हेमंत सोरेन राज्य की जनता के हित में अपने कार्यों को भी महत्व दे रहे हैं। वह नेमरा में रहकर एक साथ पुत्र धर्म और राज धर्म का निर्वहन कर रहे हैं। वह राज्य के विकास और प्रशासनिक कार्यों के प्रति पूरी तरह सक्रिय हैं। गांव के सादगीपूर्ण माहौल में रहते हुए वे लगातार विभिन्न विभागों से प्राप्त फाइलों और प्रस्तावों पर निर्णय ले रहे हैं। अधिकारियों से फोन और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को कई जरूरी फाइलों को निपटाया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न हो और योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन निर्धारित टाइमलाइन से किया जाये।

**श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोग :** दिशोम गुरु के श्रद्धांजलि देने और मुख्यमंत्री से मिलने नेमरा पहुंचने वाले लोगों का क्रम लगातार जारी है। इसमें केवल राजनीतिक ही नहीं, हर क्षेत्र के आम और खास लोग शामिल हैं। बुधवार को फिल्म निर्माता/ निर्देशक प्रकाश झा, झारखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष मणि शंकर, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह, टाटा मोटर्स के एचआर हेड प्रणव कुमार, टाउन एडमिनिस्ट्रेशन हेड रजत सिंह, कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा के सदस्यों समेत अन्य लोगों ने गुरुजी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहन करने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# चाइबासा में मारा गया छत्तीसगढ़ का नक्सली

- दो लाख का इनामी था सुकामा का अरुण कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच बुधवार को मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ गोइलकेरा थाना क्षेत्र के पोसौता में हुई। इस दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। मुठभेड़ में भाकपा माओवादी कमांडर मारा गया। आइजी अभियान डॉ माइकल राज ने मुठभेड़ की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि सर्च अभियान अभी जारी है। वहीं, चाइबासा पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के पोसैता के जंगलों में मुठभेड़ हुई। जिसमें प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर मारा गया। उसका नाम अरुण कुमार है। वह छत्तीसगढ़ के सुकमा का रहने वाला था।

**नक्सली जंगल में भाग निकले :** सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली पहाड़ और जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद वहां पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान एक नक्सली का शव मिला। जिसकी पहचान एरिया कमांडर अरुण के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से जवानों को एक एसएलआर, कारतूस और अन्य सामान भी मिले।

### स्वतंत्रता दिवस पर वारदात को अंजाम देने की थी योजना

दरअसल पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि भाकपा माओवादी मिसिर बेसरा अपने दस्ता के साथ कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील है। स्वतंत्रता दिवस पर कोई बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने के बाद झारखंड पुलिस और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम गठित कर अभियान चलाया गया। इसी क्रम में बुधवार सुबह पोसैता के आसपास नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की।

## मेरी जान को खतरा : राहुल गांधी

**पुणे (अजाद सिपाही)।** पुणे की एक अदालत में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि उन्हें अपनी जान को खतरा है। यह खतरा उन्होंने सावरकर मानहानि केस को लेकर जताया है। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। राहुल गांधी ने एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की है कि उनकी सुरक्षा और केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाये। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को करेगी। राहुल ने कहा कि महात्मा गांधी की हत्या एक सोची-समझी साजिश थी और ऐसे पारिवारिक इतिहास को देखते हुए उन्हें नुकसान पहुंचने या गलत तरीके से फंसाये जाने का खतरा है।







आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 14 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



## सुई लगाने के बाद बच्चे की मौत चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**डोमचांच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शहीद चौक पर डॉ बबुन कुमार ने एक बच्चे की सुई लिखी थी, पर तारा मेडिकल में सुई लगाने के बाद बच्चे की मौत हो गयी। मृतक बच्चे की पहचान सत्यम कुमार (उम्र 6 साल, पिता गणेश यादव, तिलैया बस्ती) के रूप में हुई है। बच्चा अपने नानी घर आया हुआ था। वहीं इलाज डॉ बबुन कुमार ने ईलाज किया था, उसके बाद तारा मेडिकल में दवा के बाद मेडिकल स्टाप द्वारा सुई लगाने से बच्चे की हालत बिगड़ गयी। कुछ देर बाद बच्चे की मौत मेडिकल दुकान में ही हो गया। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर और मेडिकल कर्मी की लापरवाही से बच्चे की मौत हुई है। खबर लिखे जाने तक परिजनों को मनाने को लेकर बैठक की जा रही है।

## जयनगर में गौ तस्करी से जुड़े दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



जयनगर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तिलोकरी ग्राम वासियों ने बुधवार की सुबह लगभग 5 बजे गौ तस्करी से जुड़े दो लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंपा। जानकारी के अनुसार अहले सुबह कुछ ग्रामीणों ने दो युवकों को एक गाय और एक बछड़े को ले जाते हुए देखा जो भागते हुए जा रहे थे। ग्रामीणों को संशय होने पर उन दोनों युवकों को पकड़ा। पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया कि उनका नाम इंतिहान अंसारी उम्र लगभग 22 वर्ष और इमरान अंसारी उम्र लगभग 17 वर्ष दोनों के पिता करामात अंसारी ग्राम इरगोबाद थाना जयनगर के निवासी हैं। पूछताछ करने के दौरान उन लोगों ने बताया कि वे लोग प्रत्येक गांव से दलाल के माध्यम से गाय को खरीदतें हैं और वह इरगोबाद निवासी करामात अंसारी के पास पहुंचाने का काम करते हैं, और वह गायों को काफी संख्या में संग्रह करने के बाद कोलकाता भेजने का काम करता है। ग्रामीणों ने थाना प्रशासन को फोन के माध्यम से घटना की जानकारी दिया। जयनगर पुलिस पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों को प्रशासन के हाथों सौंप दिया और लिखित आवेदन भी ग्रामीणों ने दिया। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई महीनो से इन दोनों युवकों को कई क्षेत्रों में देखा जा रहा है और फोटो भी वायरल हुआ है। दर्जनों ग्रामीणों ने आवेदन में हस्ताक्षर करते हुए उचित कानूनी कार्यवाही की थाना प्रभारी से मांग की है।

## मॉडर्न किड्स वे में प्रेरक पुस्तकों का वितरण



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम तिलोकरी मॉडर्न किड्स वे विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व बेला में अखंड भारत के विषय पर कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां बच्चों को सुसंस्कार हेतु प्रेरक पुस्तकों का वितरण किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र मोदी, महेश पांडेय, शंकर दयाल पांडेय, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका कृति सुमन के द्वारा बारी-बारी से बच्चों को संस्कार के साथ-साथ अखंड भारत व आजादी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। मौके पर निर्देशक कैलाश लाल बर्णवाल ने बच्चों को भारत की स्वतंत्रता में लगे सेनानियों के अखंड प्रयासों, सूझ बुझ और बलिदानी से जो आजादी प्राप्त हुई के बारे में प्रकाश डालते हुए भारत को अखंड बनाए रखने हेतु मेहनत और लगन से पढ़ाई करते हुए उच्च पदों पर पहुंच कर देश की अखंडता को संभाल रखने की सलाह दी। यहां कृष्ण यादव, रीणी कुमारी, पूजा गुप्ता, कपिल देव साव, उदय कुमार, सूरज गुप्ता, पूनम सोनी, अंशु, लक्ष्मी इत्यादि शिक्षक गण के साथ-साथ सोनू पंडित, विजय पंडित, पियूष मोदी, संध्या कुमारी, रचना कुमारी, मुन्ना, मानसी, अर्चना सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास

कोडरमा (आजाद सिपाही)। डरा- धमका कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के प्रयास किये जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो जज गुलाम हैदर की अदालत ने बुधवार को गोविंद सिंह (45, पिता गंगो सिंह, गोमो, झुमरीतिलैया) को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 4 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही न्यायालय ने 354बी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 5 साल सश्रम कारावास एवं 3 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 2 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला वर्ष 2024 का है। इसे लेकर तिलैया थाना में थाना कांड संख्या 19/24 दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से डिफेंस काउंसिल किरण कुमारी ने बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में प्रबंधन समिति की बैठक में कई निर्णय

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में प्रबंध समिति की एक बैठक अध्यक्ष नारायण सिंह के अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव अनुराग सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग के विभाग प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्या भारती के विद्यालयों में 2030 तक एईपी योजना को पूरी तरह से लागू करने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके तहत स्कुलों में सिखाने की प्रतिफल के तहत सामग्री इलेक्ट्रीक बोर्ड, वाटिका के लिए तरण ताल विज्ञान प्रयोगशाला चित्र प्रयोगशाला सहित 12 व्यवस्था का विकास किया जायेगा। उन्होनें कहा कि हजारीबाग संकुल के अंतर्गत कोडरमा, हजारीबाग गिरिडीह के 25 विद्यालय में 15 हजार भैया बहनों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। इसके तहत 5 अक्टूबर 2025 से 17 जनवरी 2026 तक महिलाओं के लिए सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि 21 अगस्त को कैलाश राय विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें सभी दीदी कार्यशाला में भाग लेंगी। 2 अक्टूबर को संघ 100 साल पूरे हो रहे हैं। विद्या भारती के विद्यालयों में 250-300 महिलाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा भारतीय सभ्यता और परंपरा भारतीय संभ्यता और बच्चों के परिवेश में भारतीय संस्कृति का झलक संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में विद्यालय समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, उपाध्यक्ष नंद राय, अरविंद चौधरी, सचिव अनुराग सिंह, सह सचिव सुषमा सुमन, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, सदस्य कुंज बिहारी त्रिवेदी, बृजनंदन शर्मा, मुंशी यादव, प्राचार्य आनंद मोहन, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य अजय पाठक, आचार्य मनोज कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# जयनगर में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद

**छापामारी के दौरान पुलिस टीम को ग्राम तिलोकरी एवं तेतरौन से अवैध रूप से व्यापार करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** गुप्त सूचना के आधार पर जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राशन दुकान एवं जेनरल स्टोर में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है। सूचना थी कि वहां शराब का भंडारण कर व्यापार किया जा रहा था। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया, जिसमें टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जयनगर थाना क्षेत्र ग्राम तिलोकरी स्थित महेंद्र मोदी के राशन दुकान एवं तेतरौन स्थित प्रकाश यादव उर्फ राजेंद्र यादव के प्रकाश जेनरल स्टोर पर छापामारी किया।

छापामारी के दौरान पुलिस टीम को तिलोकरी एवं तेतरौन स्थित दोनों दुकानों से भारी मात्रा में विभिन्न कंपनियों का अवैध अंग्रेजी शराब कुल 94 पीस जो लगभग 25 लीटर है एवं विभिन्न कंपनियों का अवैध बीयर कुल 80 पीस, जो लगभग 47 लीटर है। उक्त अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर की कीमत लगभग 30,000/- रुपये का बरामद किया। छापामारी के दौरान पुलिस टीम को ग्राम तिलोकरी एवं तेतरौन से अवैध रूप से व्यापार करने वाले दो अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया। इस संबंध में जयनगर थाना कांड संख्या-185/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार लोगों में महेंद्र मोदी पिता स्व. प्रभुनाथ मोदी उम्र लगभग 63 वर्ष, प्रकास यादव उर्फ राजेंद्र यादव पिता तेजन महतो उम्र 48 वर्ष शामिल हैं। वहीं छापामारी दल में पुअनि थाना प्रभारी बबलु कुमार सिंह, सअनि आशीष हांसदा एवं सशस्त्र बल के लोग मौजूद थे।

## हाथी के हमले में मृत दो के परिजनों को वन विभाग ने सहायता राशि दी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। जयनगर प्रखंड अंतर्गत सतडीहा पंचायत सचिवालय में मुखिया एवं उप मुखिया तथा अन्य स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में वन विभाग के रेंजर रवींद्र कुमार ने सतडीहा निवासी बासुदेव यादव को एवं कोतमाडीह निवासी अनिता देवी को वन विभाग के द्वारा सरकार द्वारा देय राशि का वितरण किया। ज्ञात हो कि जंगली हाथी के द्वारा जान से मार दिया गया था जिन्हें सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक बासुदेव यादव के पत्नी को 3 लाख 75 हजार एवं मृतक अनिता देवी के पुत्र विकाश यादव को 3 लाख 75 हजार रूपया मात्र का ड्राफ्ट दिया गया। जबकि इसके पूर्व में 25 हजार रूपया दिया गया था। मौके पर रेंजर रवींद्र कुमार, वनपाल समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।**

## शहर का मुख्य मार्ग हुआ कीचड़मय

### मैंगो मैन मनोज गुप्ता ने उठायी आवाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का मुख्यालय हजारीबाग शहर के नगर निगम क्षेत्र का एक पथ आज कीचड़मय हो गया है। यह राष्ट्रीय उच्च मार्ग एनएच 100 है, इंद्रपुरी चौक से रेलवे क्रॉसिंग के आगे तक सड़क की ऐसी स्थिति है कि चलना मुश्किल है, हर रोज दुर्घटना घट रही है। कभी कभी नगर निगम मिट्टी या स्टोन डस्ट डालती है, जिससे समस्या घटते बढ़ते रहता है। जबकि इस सड़क को दुरुस्त रखने की जवाबदेही एनएच 100 का है। कुछ वर्ष पहले यह सड़क बनी थी, लेकिन एक साल में ही गड्ढों में तब्दील हो गया। वर्तमान में विभाग के एकरारनामा के मुताबिक संवेदक को पांच वर्षों तक सड़क का मेंटेनेंस करना चाहिए था, तभी विभाग संवेदक को पूर्ण भुगतान करता। मनोज गुप्ता ने सवाल उठाते हुए कहा कि इस शहर का अब कोई देखने वाला नहीं है, सभी लूटने में लगे हुए हैं। कहीं कोई जवाबदेही तय नहीं है, व्यवस्था बेलगाम है। वर्षों से जनता इस दुर्दशा को झेलने का आदि हो चुकी है। हजारीबाग शहर का ये अबतक का दुर्भाग्य है कि इसे सवारने का किसी के प्राथमिकता में ही नहीं है।



हजारीबाग में इंद्रपुरी चौक से रेलवे क्रॉसिंग के आगे तक सड़क की खराब स्थिति।

## भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा भारत माता के जयकारों से गूंजा इचाक



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व भाजपा के दोनों मंडलों के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा बोधी बागी से प्रारंभ होकर इचाक बाजार, इचाक मोड़ होते हुए नेशनल पार्क के मुख्य गेट तक पहुंची। वहां से पुनः इचाक बाजार लौटकर यात्रा का समापन किया गया। पूरे मार्ग में उत्साह और देशभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता और अजीत कुमार बख्शी ने किया। उनके साथ विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय नंदन मेहता, सुभाष सोनी, रविशंकर कुमार, कंचन मेहता, राजकुमार राम, राजेश अग्रवाल, प्रेम लाल मेहता, भरत मेहता, प्रकाश यादव, निशीद सिंह, निरंजन मेहता सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

## डाक टिकट संग्रह में रुचि है तो मिलेगी छात्रवृत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** अगर आप वर्ग 6 से 9वीं तक के विद्यार्थी हैं और आपकी फिलाटेली यानी डाक टिकट संग्रह में रुचि है तो आपको छात्रवृत्ति मिल सकती है। फिलाटेली में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए डाक विभाग ने दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। खास बात यह है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी की फिलाटेली में रुचि होनी चाहिए। साथ ही उसका शैक्षणिक रिकॉर्ड भी बेहतर होना चाहिए। यानी अंतिम परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक या उसके समकक्ष ग्रेड होने चाहिए। विभाग की योजना के तहत छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए वैसे ही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ रहे हों। इसके अलावा विद्यार्थी को अपने स्कूल के फिलाटेली क्लब की सदस्यता होनी चाहिए या फिर पोस्ट ऑफिस में फिलाटेली अकाउंट होना चाहिए। डाक विभाग द्वारा चयनित छात्रों को प्रति माह 500 रुपए की दर से प्रति वर्ष 6000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जायेगी। सारी योग्यता पूरी करने के बाद आवेदन करने वाले विद्यार्थियों का चयन चयन लिखित फिलाटेली क्विज और फिलाटेली प्रोजेक्ट के आधार पर किया जायेगा। इसको लेकर कोडरमा सहित देश भर के डाकघरों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इसकी शुरूआत अगस्त से ही हो जाती है। डाकघर से मिली जानकारी के मुताबिक जल्द ही इसका शेड्यूल पहुंचेगा। उसके मुताबिक चयनित विद्यार्थियों की परीक्षा ली जायेगी। इसके बाद सूची जारी की जायेगी।

## ककोलत जलप्रपात में बढ़ा पानी का बहाव सुरक्षा कारणों से सैलानियों के जाने पर रोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** झारखंड व बिहार के बोर्ड एरिया से सटे नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत ककोलत जलप्रपात में जलप्रवाह अत्यधिक तेज होने के बाद वहां कुंड समेत झरना परिसर को नुकसान पहुंचा है। करीब 60 फीट पहाड़ी की ऊंचाई से तेज पानी बहाव के साथ बड़े-बड़े पत्थर, बालू, गाद आदि गिरने से पूरा कुंड भर गया है। सेल्फी प्वाइंट को भी क्षति पहुंची है। ककोलत झरना महावर पहाड़ी से जुड़ा हुआ है। यह पहाड़ झारखंड के हजारीबाग, कोडरमा की पर्वत श्रृंखलाओं से जुड़ा हुआ है। पर्वत की चोटी से ठंडा पानी जल धारा के रूप में ककोलत में गिरती है। इस जल धारा में स्नान कर सैलानी आनंदित होते हैं। यह पूरा इलाका प्राकृतिक रूप से मनमोहक है। यही कारण है बिहार, झारखंड समेत देश भर से सैलानी यहां प्राकृतिक वादियों का लुत्फ उठाने यहां पहुंचते हैं। सुरक्षा कारणों से फिलहाल ककोलत में सैलानियों के जाने पर रोक लगा दी गयी है। जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रेष्ठ कृष्ण के अनुसार ककोलत जल प्रपात में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फिलहाल वहां किसी के भी जाने की मनाही है। मालूम हो कि झारखंड के पहाड़ी इलाकों में अक्सर तेज वर्षा होने के बाद ककोलत में जल प्रवाह खतरनाक रूप अख्तियार कर लेती है। ककोलत में पूर्व में भी इस तरह के हालात कई बार बनते रहे हैं। इस साल कई बार ककलोत को बंद करना पड़ा है। हर बार जल प्रवाह तेज होते ही सुरक्षा कारणों से वहां सैलानियों के पहुंचने पर रोक लगा दी जाती है। ककोलत जलप्रपात में जीर्णोद्धार विकास का कार्य गत वर्ष ही पूरा किया गया था। तब लगभग 16 करोड़ की राशि से पूरे ककोलत जलप्रपात का जीर्णोद्धार किया गया। हर साल गर्मी के सीजन में औसतन हर दिन 10 से 15 हजार लोगों की भीड़ ककोलत में जुटती है। जानकारी के अनुसार है कि अगले आदेश तक तक ककोलत बंद रहेगा। ककोलत कुंड व इसके पास जमा हुए पत्थर, मलवा हटाने के बाद ही अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद इसे आम लोगों के लिए खोला जायेगा।

## झुमरीतिलैया के हर्षित ने सीएमए परीक्षा में किया कमाल



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए झुमरीतिलैया के युवा हर्षित मोदी, पुत्र गोपाल मोदी ने कॉस्ट मैनेजमेंट अकाउंटेंट की कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे शहर को गर्व महसूस कराया है। कॉस्ट मैनेजमेंट अकाउंटेंट की परीक्षा को देश की कठिन परीक्षाओं में गिना जाता है, जिसमें सफल होना अनुशासन, धैर्य और निरंतर मेहनत का परिणाम होता है। हर्षित मोदी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कठिन परिश्रम, माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि उचित समय प्रबंधन, दृढ़ निश्चय और लक्ष्य पर फोकस ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की।

## सांसद तीर्थ यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। गुरुवार को कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत बरगड्डा में सांसद तीर्थ यात्रा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में चर्चा किया गया कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत से गरीब व असहाय बृद्ध लोगों को चार धाम यात्रा को लेकर प्रायोजित कार्यक्रम सांसद तीर्थ दर्शन की तैयारी व बैठक पे चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक में कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने बताया कि यह तीर्थ यात्रा खास कर के असहाय लोगों के लिए है, जो इस तरह का तीर्थ यात्रा जाने से वंचित रह जाते है। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता महावीर सिंह, मिथलेश सिंह, बिजल देवी, रंजीत राणा, एवं दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस परेड में शामिल होगीं विभिन्न बलों की टुकड़ियां, कर्जन ग्राउंड में होगी मुख्य कार्यक्रम



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। 15 अगस्त को देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष में मुख्य कार्यक्रम कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में आयोजित होगा। जिसकी तैयारियों के अंतर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की उपस्थिति में विभिन्न बलों की टुकड़ियों द्वारा फुल ड्रेस परेड एवं फाइनल रिहर्सल कार्यक्रम का आयोजन कर्जन ग्राउंड में किया गया। इस अवसर पर समारोह में होने वाली सभी औपचारिकताओं एवं कार्यक्रमों का क्रमवार अभ्यास किया गया। विभिन्न सुरक्षा बलों व कैडेट्स ने अनुशासित परेड, राष्ट्रीय ध्वज वंदन तथा सलामी की प्रस्तुति दी। फुल ड्रेस रिहर्सल में परेड टुकड़ियों के साथ-साथ पुलिस बल, एनसीसी, स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त समेत पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संग अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## मुखिया और अन्य प्रतिनिधियों ने की इचाक के नये थाना प्रभारी से शिष्टाचार भेंट



इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक थाना के नये थाना प्रभारी राजदीप कुमार से डाडीघाघर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर कुमार, भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता, भाजपा नेता कंचन मेहता, भरत मेहता, सुरेन्द्र मेहता ने शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र में बढ़ रहे नशा एवं अपराध जैसे ज्वलंत समस्याओं को रखा। कहा कि आपसे क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीद है।

## मरकच्चो में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रखंड इकाई मरकच्चो के द्वारा राष्ट्र एकता और देश भक्ति के संकल्प को साकार करने के लिए बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा मरकच्चो बंधन चौक से निकलकर मरकच्चो दुर्गा मंदिर मेला मंदिर पहुंची। इस दौरान भाजपाइयों व ग्रामीणों ने भारत माता की जय, वीर सपूतों अमर रहे देश भक्ति नारे लगाये जा रहे थे। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, जिला महामंत्री विजय यादव, कैलाश यादव, शंभु सिंह, रवींद्र पांडे, महेंद्र पांडे, पवन सिंह, नवीन सिंह, रामलाल यादव, कामदेव सिंह, मुकेश राम, उमेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, अणेश्वर सिंह, पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव, मुखलाल वर्मा, महेंद्र साव, भोला यादव, नागेश्वर प्रसाद यादव, कामेश्वर राय, दिवाकर राय, शंकर यादव समेत कई लोग शामिल थे।

## जीएस पब्लिक स्कूल में चलाया गया नशा मुक्त भारत अभियान




डोमचांच (आजाद सिपाही)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से जीएस पब्लिक स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान मेडिकल विंग ब्रह्माकुमारी के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य देश में नशे की समस्या को कम करना और लोगों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। निदेशक नितेश कुमार ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जो नशे की गिरफ्त में है उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य प्रतिभा कुमारी कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए कोऑर्डिनेटर मोहम्मद इलियास, अकाउंटेंट गुलाबचंद शाह, अमनदीप कुमार, केके पाठक, राघव सिन्हा, ममता सिन्हा सुनील कुमार, मनीष कुमार, काजल कुमारी, नेहा तथा सभी बच्चे उपस्थित हुए।

## स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारी में जुटे विद्यार्थी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में आज विद्यालय प्रांगण में छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास के दौरान भैया-बहनों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, योगभ्यास, डंबल, पिरामिड, चक्र की शानदार प्रस्तुति दी। आचार्यों के मार्गदर्शन में बच्चों ने देशभक्ति के रंग में रंगे विविध कार्यक्रमों का अभ्यास किया। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर ही नहीं, बल्कि यह हमें अपने देश के प्रति कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन और एकता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का संदेश दिया।पूर्वाभ्यास के दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और तिरंगे के रंग में रंगे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के दिन ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय के द्वारा किया जाएगा।

## उज्ज्वला फाउंडेशन ने सदस्यों को दिया तिरंगा झंडा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** तिरंगा सम्मान में झंडा वितरित को लेकर उज्जवला फाउंडेशन ने बुधवार को जेपी सभागार, बोंगाबार में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीणा कुमारी ने की। बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा सम्मान को लेकर हर घर तिरंगा लगाने का निर्णय लिया गया। जिसपर फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने पांच सौ सदस्यों के बीच तिरंगा झंडा का वितरण किया। तत्पश्चात उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बताया गया कि आगामी तीज पर्व पर महिलाओं के बीच बचत राशि और अंग वस्त्र का भी वितरण किया जायेगा। वहीं, उन्होंने सभी सदस्यों को अपने-अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने का निर्देश दिया। मौके पर शांति देवी, वीणा देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुमन देवी, सुलेखा देवी, पिंकी देवी, दुलारी देवी, मीनू देवी, गुणीता देवी, नेमो देवी, चिंता देवी, खुशबू देवी समेत बड़ी संख्या में सदस्य शामिल रहे।

## सद्भावना समिति ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सयाल जमुरिया बाजार स्थित कैप्टन होटल के समीप बुधवार को सद्भावना समिति सयाल के पदाधिकारियों, सदस्यों व व्यावसायिक संघ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक सह संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड के महानायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। झारखंडी अस्मिता और जन आंदोलन के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक बीरेंद्र पासवान, अध्यक्ष सतेंद्र यादव, सचिव अनूप कुमार उर्फ पिंटू सिंह, राजीव सिन्हा, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, कमलेश सिंह, रामविलास यादव, राकेश पाण्डेय, सुरेंद्र पासवान, बिनोद कुमार, उदय मेहता, कर्मवीर सिंह, रामेश्वर मेहता, जगत प्रसाद, बुलू सिन्हा, कृष्णा सोनी,जुगेश बेदिया, छोटू चौबे, बिमलेश कुमार, फुलन तिवारी, सुरेश मेहता, बद्री केसरी, विकास यादव, एजाज खान, लियाकत मास्टर सहित कई लोग मौजूद थे।

## युवकों ने वैष्णो देवी, सूर्य मंदिर और चूंदरू धाम में की पूजा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिंगलात गांव से ग्यारह सदस्यीय नवयुवकों की एक टोली वैष्णव देवी धाम दर्शन के लिए बुधवार को रवाना हुए, नवयुवकों ने सूर्य मंदिर चूंदरू धाम में पूजा अर्चना की शीश झुकाकर यात्रा सफल होने की कामना किया, वैष्णव धाम यात्रियों में संजीत कुमार यादव, भारत भास्कर, डब्लू वर्मा, मनोज कुमार, बलराम साहू, रामकुमार साहू, ओम प्रकाश साहू, आशेश्वर कुमार महतो सहित अन्य शामिल है।

## रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगा वाटर फिल्टर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छात्रों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व सचिव प्रदीप बरेलिया ने अपने परिवार के साथ मिलकर विद्यालय में एक आधुनिक वाटर फिल्टर प्रदान किया है। वाटर फिल्टर के लगने से विद्यालय के सभी छात्रों को अब स्वच्छ, ठंडा और सुरक्षित पेयजल मिलेगा। इस पहल से न केवल बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। गर्मी के दिनों में यह सुविधा विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीप्रवीण ने प्रदीप बरेलिया और उनके परिवार का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान विद्यालय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के वर्तमान सचिव शंकर लाल अग्रवाल ने बरेलिया परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वच्छ जल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाता है और यह सुविधा लंबे समय तक छात्रों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। मौके पर डॉ ए के बरेलिया, विनीत बरेलिया, सिंपल बरेलिया, आशुतोष बरेलिया, मधु बरेलिया, अंजू बरेलिया, मंजू बरेलिया के अलावे विद्यालय के आचार्य, दीदी उपस्थित थे।

# रामगढ़ में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के लगाये नारे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मण्डल में केंद्र द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा के तहत नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा देशभक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी। तिरंगा पद यात्रा का शुभारंभ लॉ मैरिटल निकट रामगढ़ ब्लॉक से किया गया। समापन रामगढ़ की हृदयस्थली सुभाष चौक तक की गयी।

**सेना का शौर्य और साहस के बदौलत ऑपरेशन सिन्दूर सफल :कुंटू**

मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार कुण्टू बाबू ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनके कुशल में नेतृत्व में सेना ने अपने शौर्य का परिचय देकर ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक चलाया। कहा कि सेना लगातार दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। इसका मुख्य कारण है कि केंद्र की भाजपा सरकार सेना को खुली छूट दे रखी है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार कुण्टू बाबू, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति, जिला के महामंत्री विजय जायसवाल, कार्यक्रम प्रभारी संजीव बाबला, वरीय नेता प्रो संजय प्रसाद सिंह,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, ओबीसी मोर्चा हजारीबाग के प्रभारी दीपक सोनकर, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के सुरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राजेश ठाकुर,सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटुस, रोबिन गुप्ता, सुबोध सिंह, महेश प्रसाद, कैंट मण्डल के सुशांत पांडेय, बिनोद गोप, कार्यक्रम के संयोजक सह महामंत्री ऋषिकेश सिंह,सह-संयोजक सह उपाध्यक्ष ब्रजेश पाठक, अजित गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, संजय सिंह सिसोदिया, संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# 'भारत माता की जय' के नारों से गूंजा गोला



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला में बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसका नेतृत्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष बबलू साव ने किया। इस दौरान अग्रवाल टोला से चौक बाजार,महतो द्वार, महादेव मंडा तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री विजय जायसवाल उप प्रमुख विजय कुमार ओझा शामिल हुए। सभी के हाथों में तिरंगा झंडा था। जोरदार नारे के साथ भारतीय सेना के सम्मान में भारत माता की जय, बंदे मातरम,वीर पुरुषों अमर रहें का नारा लगाया गया। मौके पर अभियान के संजोयक जितेन्द्र साहु, सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा, उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, गौतम महतो ,हरीश बर्मन, प्रमोद रजवार, दिगम्बर महतो, उत्तम कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद, नंदकिशोर महतो, अनील कुमार, जय किशुन साव, रंजित महतो, सुधा देवी, सुलेखा देवी, माधुरी देवी, अनीता देवी, रामकुमार नायक,प्रमोद रंजन, दुलाल मिश्रा, सुरज वर्मा, एहसानुल हक, ललन कुशवाहा, मुकेश शर्मा, संतोष साव आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

# राधा गोविंद विवि में एंटी-रैगिंग सप्ताह शुरू

**रैगिंग जैसी कुप्रथा शिक्षा के पवित्र वातावरण को आहत करती है : बीएन साह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रेम प्रकाश ने एंटी-रैगिंग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि रैगिंग न केवल एक दंडनीय अपराध है, बल्कि यह मानवता और आपसी सम्मान के मूल्यों के विरुद्ध है। विश्वविद्यालय में हम सभी छात्रों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और मित्रवत वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि रैगिंग जैसी कुप्रथा शिक्षा के पवित्र वातावरण को आहत करती है। हमारा लक्ष्य है कि राधा गोविंद विश्वविद्यालय देश में रैगिंग-मुक्त परिसर का उदाहरण बने। सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को छात्र-छात्राओं को आपसी भाईचारा, सहयोग और सम्मान की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### रैगिंग पर रोक केवल नियमों से नहीं, जागरूकता और संवेदनशीलता से संभव है : डॉ रश्मि

कुलपति प्रो डॉ रश्मि ने अपने वक्तव्य में कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण देना भी है। रैगिंग पर रोक केवल नियमों से नहीं, बल्कि जागरूकता और संवेदनशीलता से संभव है। वही, कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि रैगिंग से छात्रों में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के पहले दिन वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं का विषय 'रैगिंग मुक्त परिसर, हमारी जिम्मेदारी' रखा गया था।

मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार , प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, एंटी- रैगिंग सदस्य डॉ ममता, डॉ पूनम, डॉ रंजना पांडे, डॉ अरविंद, डॉ राकेश, अनूप कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में सीसीएल कर्मी की मौत, पुत्र को मिला नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के लोहागेट डायर्वसन के पास अनियंत्रित बोलेरो के चपेट में आने से स्कूटी सवार एक सीसीएल कर्मी घायल हो गया। जिसे नईसराय स्थित केंद्रीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना बुधवार की सुबह लगभग दस बजे की है। जानकारी के अनुसार, सीसीएल कुजू रेलवे साइडिंग मे रिसीवर पद पर कार्यरत सह लकड़ी गेट (कुजू) निवासी 47 वर्षीय रामकुमार राम पिता चिंतामण रविदास ड्यूटी के दौरान किसी कार्य को लेकर लोहागेट फोरलेन से अपने स्कूटी संख्या जेएच 01 ईके 3152 से जा रहा था। इस दौरान रामगढ़ से हजारीबाग की ओर तेज रफ्तार से जा रहे बोलेरो संख्या जेएच 02 बीएफ 9018 अनियंत्रित होकर स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिसमें सीसीएल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुजू पुलिस द्वारा इलाज के लिए नईसराय स्थित सीसीएल केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जिसके बाद नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर परिजनों ने शव के साथ सीसीएल कुजू जीएम पहुंचे। जहां विभिन्न श्रमिक यूनियन द्वारा सीसीएल कर्मी के आश्रित को नौकरी व मुआवजा दिए जाने की मांग की। जिसके बाद जीएम कार्यालय के सभागार में वार्ता के बाद जहां तोपा पीओ एमके सिंह की मौजूदगी में मृतक के पुत्र आर्यन कुमार को नियुक्ति पत्र तथा पत्नी को मुआवजा राशि का चेक दिया गया। मौके पर एसओपी (प्रभार) सुमित सारंगी, प्रताप रंजन, रामभजनलाल महतो, राजकुमार ठाकुर, रतन प्रसाद साहू, जगदीश महतो, शशि कुमार, प्रदीप कुमार राम समेत कई अधिकारी और परिजन शामिल रहे।

# वित्तीय साक्षरता शिविर में बैंकिंग और बीमा योजनाओं की दी गयी जानकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भदानीनगर/भुरकुंडा।** देवरिया पंचायत भवन में बुधवार को वित्तीय साक्षरता शिविर (वित्तीय समावेशन का संतप्ति अभियान) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडियर हजारीबाग जोन के सीजीएम अशोक कुमार पाठक एवं जीएम नरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर अतिथियों ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं, जेएसएलपीएस महिलाओं एवं अन्य लोगों को वित्तीय साक्षरता से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मंईया सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन, मुद्रा लोन, बैंक खाते में नॉमिनी और मोबाइल नंबर जोड़ने, साइबर क्राइम एवं फ्रॉड कॉल से बचाव, केवाईसी एव आर एंड केवाईसी प्रक्रिया, तथा आरबीआई के टोल फ्री नंबर 14448, 1930, 155260 आदि की जानकारी दी गई। मौके पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपये का चेक भी वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला एलडीएम दिलीप महली, नीति आयोग के सन्नी कुमार, कल्याणी कुमारी, देवरिया पंचायत के मुखिया विकाश नायक, पाली पंचायत मुखिया रेखा देवी, आरबीआई सीएफएल के विकास पटेल सहित विभिन्न बैंक ऑफ इंडिया शाखाओं के ब्रांच मैनेजर, बैंक बीसी और दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# भाजपा चतरा ग्रामीण मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा यात्रा के निमित्त चतरा ग्रामीण मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । ऊंटा हाई स्कूल से ऊंटा चौक होते हुए प्राथमिक विद्यालय तक भ्रमण कर ऊंटा हाई स्कूल के पास समापन किया गया । इस यात्रा में सैंकड़ों स्कूली बच्चे , चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, चतरा जिलाध्यक्ष रामदेव भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह ग्रामीण मंडल के प्रभारी सुजीत जायसवाल, जिला मंत्री श्रीमति चंपा शबरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सहित मंडल के उपाध्यक्ष महामंत्री दिनेश गोप प्रदीप महतो, धर्मनाथ ठाकुर, केदार प्रसाद दांगी, तुलेश्वर प्रसाद दांगी, धर्मेंद्र शर्मा उर्फ भवानी, राय प्रकाश कुमार वर्मा, बनारस साहू उदय वर्मा, दीपक शर्मा, उपेंद्र सिंह, निरंजन यादव समेत सैकड़ों नेता एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इनरव्हील क्लब ने देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का किया आयोजन

**कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का विकास करना है:नमिता श्रॉफ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस को लेकर बुधवार को रोटरी हॉल के सभागार में अंतर-विद्यालय देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करना और उनमें देश प्रेम के संस्कार विकसित करना है। क्लब के सदस्यों का मानना है कि इसके साथ छात्रों में गायन और वाद्य यंत्रों को बजाने की कला में निखार आता है। प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन रंजू अग्रवाल और हरमीत कौर ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने कहा कि प्रतिवर्ष यह प्रतियोगिता होने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गायन एवं वाद्य यंत्र बजाने की कला को निखारना और उनमें देशभक्ति की भावना का विकास करना है ।उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों की गायन प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेवारियों के प्रति भी जागरूक बनाती हैं। कार्यक्रम को दो वर्गों जूनियर एवं सीनियर में विभाजित किया गया। प्रतिभागियों ने स्वर और संगीत के माध्यम से देश प्रेम की अनूठी छटा बिखेरी। कार्यक्रम के जज भरत घोष और अभय पाल ने विजेताओं का चयन किया। जिसमें, प्रथम द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. SNTPBBS-DD-082025

**कार्य का नाम:** खोरधा रोड मंडल के EX-हिन्दोल (HIN)-CHRD सेक्शन में सेक्शनल गति को 130 KMPH तक बढ़ाने के लिए डबल डिस्टेंट सिग्नल के प्रावधान के साथ सदाशिवपुर (SSPR), राज आठगड़ (RJGR), राधाकिशोरपुर (RQP), घण्टीखाल निधिपुर (GHNH), नराज मार्थापुर (NQR), ढेंकनाल (DNKL) तथा PI ALTERATION CHRD में WESTRACE निर्मित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) में परिवर्तन ।

**अनुमानित विज्ञापित मूल्य:** रु. 7,33,53,623.23, EMD: रु. 5,16,800.00, समापन की अवधि: 06 महीने।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 09.09.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जायेगा तथा किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ऊपर उल्लेखित ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज के साथ सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य:** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, (Proj), भुवनेश्वर

PR-77/CI/25-26

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा/2025/26, भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए उल्लिखित तिथि को **15.00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और यह **15.30 बजे खुलेगी: क्रम संख्या; निविदा संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बयाना जमा (1); ई-केजीपी-दक्षिण-45-2025**; एडीएन (दक्षिण) के अधिकार क्षेत्र के तहत खड़गपुर- लक्ष्मणनाथ रोड खंड में मिशन 3000एमटी के तहत मौजूदा ब्रिज स्लैब को पीएससी स्लैब और अन्य संबद्ध कार्यों (57 पुल) द्वारा बदलना/खड़गपुर; **₹ 83,72,19,684.23;** ₹43,36,100.00 (2); **ई-केजीपी-दक्षिण-46-2025**; एडीएन (दक्षिण) के अधिकार क्षेत्र के तहत लक्ष्मणनाथ रोड-नूआगांव- मयूरभंज रोड खंड में मिशन 3000एमटी के तहत मौजूदा ब्रिज स्लैब को पीएससी स्लैब और अन्य संबद्ध कार्यों (49 पुल) द्वारा बदलना/खड़गपुर; **₹ 80,96,53,756.14;** ₹41,98,300.00;(3); **ई-केजीपी-दक्षिण-47-2025**; एडीएन/बीएलएस के अधिकार क्षेत्र के तहत नूआगांव- मयूरभंज रोड-भद्रक खंड में मिशन 3000एमटी के तहत मौजूदा ब्रिज स्लैब को पीएससी स्लैब और अन्य संबद्ध कार्यों (74 पुल) द्वारा बदलना; **₹ 78,33,87,135.64; ₹** 40,66,900.00; **निविदा दस्तावेज की लागत: ₹** 0.00 (क्रम संख्या 1 से 3 के लिए); **खुलने की तिथि:** 03.09.2025 (क्रम संख्या 1 से 3 के लिए); **कार्य की पूर्णता अवधि:** 36 महीने (क्रम संख्या 1 से 3 के लिए); **बोली शुरू होने की तिथि:** क्रम संख्या 1 से 3 के लिए 20/08/2025 से और 03/09/2025 को 15:00 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोट:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-517)

# शीर्ष अदालत की चिंता जायज

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का हालिया आदेश नियमों के खिलाफ होने के साथ-साथ तर्क की कसौटी पर भी खरा नहीं उतरता। आवारा कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत की चिंता जायज है, लेकिन जो आदेश दिया गया है, वह समस्या का समाधान नहीं हो सकता। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई की। इसमें सबसे अहम बात है कोर्ट का यह कहना कि फिलहाल नियमों को भूल जाइए, लेकिन, क्या ऐसा हो सकता है, और क्या अदालतें नियमों के परे जा सकती हैं? जिस नियम को भूलने की बात कही गयी, वह है Animal Birth Control (ABC) Rules 2023 stray dogs की नसबंदी कर और रैबीज का इंजेक्शन लगा कर फिर उसी जगह छोड़ा जाना चाहिए, जहां से उन्हें पकड़ा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे अलग जाकर कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़ कर शेल्टर होम में रखा जाये। इसका मतलब हुआ उन्हें उनके मूल स्थान से हमेशा के लिए हटा देना। यह पशुओं के प्रति क्रूरता तो है ही, बेहद अव्यावहारिक भी है। केवल दिल्ली-एनसीआर में ही लाखों आवारा कुत्तों हैं, जिनकी सही गिनती तक आज किसी को नहीं पता। इन्हें किस तरह पकड़ा और एक जगह रखा जायेगा - इसके लिए संसाधन कहां से आयेंगे? आवारा कुत्तों अपना इलाका चिन्हित करके रखते हैं। अगर उन्हें नयी जगह रखा गया, तो वे ज्यादा आक्रामक हो सकते हैं। आवारा कुत्तों की समस्या एकाएक नहीं आ गयी और न ही यह केवल दिल्ली-एनसीआर तक सीमित है। तमाम सुविधाओं, जागरूकता अभियानों के बावजूद भारत में हर साल रैबीज से लगभग 5,700 लोगों की मौत हो जाती है। सरकार ने 2030 तक इस आंकड़े को शून्य करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन, इसे पाने में सबसे बड़ी बाधा है जमीनी स्तर पर काम करने वाली एजेंसियों का लापरवाह रवैया। एबीसी के मुताबिक अगर आवारा कुत्तों की नसबंदी की जा रही होती, तो मुसीबत इस हद तक बढ़ती ही नहीं। यह भी एक फैक्ट है कि इन एजेंसियों के पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। भारत में आवारा कुत्तों का मसला सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाने से जुड़ा है। एक वर्ग है, जिसे इन जानवरों से परेशानी हो सकती है, लेकिन दूसरा वर्ग भी मौजूद है, जो इनकी केयर करता है और इन्हें खाना खिलाता है। किसी भी समाधान में इन दोनों नजरियों का खयाल रखना होगा। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट से भी ज्यादा तार्किक आदेश की उम्मीद यह देश करता है।

**भारत में आवारा कुत्तों का मसला सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाने से जुड़ा है। एक वर्ग है, जिसे इन जानवरों से परेशानी हो सकती है, लेकिन दूसरा वर्ग भी मौजूद है, जो इनकी केयर करता है और इन्हें खाना खिलाता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश के प्रति समर्पण और प्रेम का संचार मन में होता है। यह तिरंगा झंडा ही है, जिसको देख कर सैनिक सीमा पर पूरे साहस के साथ तैनात रहते हैं और दुश्मनों के छक्के छुड़ाते रहते हैं। अपनी जान की भी परवाह नहीं करते ऐसा अदम्य साहस भारतीय तिरंगा के दम पर ही सैनिकों के भीतर पैदा होता है। आजाद भारत और वर्तमान दौर जब नया भारत बनने की बात की जा रही है, उसमें राष्ट्रीय तिरंगा झंडा तरक्की का मंत्र बन गया है।**

# तिरंगा झंडा है ताकत का मंत्र

सीमा शर्मा



तिरंगा झंडा जिस शान से लहराता है उसे देखकर हर भारतवासी का हृदय भावों से भर जाता है। देश के प्रति समर्पण और प्रेम का संचार मन में होता है। यह तिरंगा झंडा ही है, जिसको देख कर सैनिक सीमा पर पूरे साहस के साथ तैनात रहते हैं और दुश्मनों के छक्के छुड़ाते रहते हैं। अपनी जान की भी परवाह नहीं करते ऐसा अदम्य साहस भारतीय तिरंगा के दम पर ही सैनिकों के भीतर पैदा होता है। आजाद भारत और वर्तमान दौर जब नया भारत बनने की बात की जा रही है, उसमें राष्ट्रीय तिरंगा झंडा तरक्की का मंत्र बन गया है।

आमजन के मन में राष्ट्रीयता की भावना का संचार इंडियन तिरंगा के माध्यम से हो रहा है। आंखों के लिए सामने लहराता राष्ट्रीय तिरंगा और मन में देश के लिए कुछ कर गुजरने का संकल्प भारत को नया भारत बना रहा है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 21वीं सदी के इस दौर में विकास मंत्र बन गया है।

**राष्ट्रीय ध्वज इस तरह गया बदला :** प्रथम राष्ट्रीय ध्वज 7 अगस्त 1906 को पारसी बागान चौक (ग्रीन पार्क) कोलकाता में फहराया गया था। इस हिंदी तिरंगा को लाल, पीले और हरे रंग की पट्टियों से बनाया गया था।

द्वितीय राष्ट्रीय ध्वज 1907, यह पहले ध्वज के समान ही था। हां, इसमें ऊपरी हिस्से में तारे बनाए गए थे। बीच में वंदे मातरम लिखा था।

तृतीय राष्ट्रीय ध्वज 1917 में आया था। डॉ एनी बेसेंट और लोकमान्य तिलक ने घरेलू शासन आंदोलन के दौरान इसे फहराया था।

चौथे राष्ट्रीय ध्वज का प्रयोग 1921 में बेजवाड़ा (अब विजयवाड़ा) में किया गया। दो प्रमुख समुदायों हिंदू और मुस्लिम का प्रतिनिधित्व करने वाला यह ध्वज था।

पांचवां राष्ट्रीय ध्वज 1931 में आया। यह वर्तमान ध्वज के समान ही था, बस चक्र की जगह चरखा निशान इसमें था। इसके बाद वह ध्वज अपनाया गया जो वर्तमान में है।

**राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अर्थ देश में यहीं के नागरिकों की सत्ता होना होता है।**

स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा फहराने के साथ ही राष्ट्रभक्ति से संबंधित कार्यक्रम आदि समाप्त हो जाते थे। लेकिन, नया भारत जिस तरह से सूचना क्रांति से लबरेज है, उसमें अब पर्व से कई दिन पहले ही देशप्रेम की लहर सी दौड़ जाती है।

नये दौर में राष्ट्रीय धवज हर भारतीय के मन में अंकित हो गया है। स्मार्ट फोन पर तिरंगा झंडा प्रति प्रेम का प्रदर्शन सहजता से देखा और समझा जा सकता है। वो कहते हैं ना कि जब भावनाएं बलवती होती हैं, तो व्यक्ति नामुमकिन को भी मुमकिन करके दिखा देता है। यही बात यहां भी लागू होती है, तिरंगे के प्रति सम्मान से सराबोर संदेश मोबाइल आदि के माध्यम से जब एक-दूसरे के पास पहुंचते हैं तो मनोवैज्ञानिक प्रभाव के कारण राष्ट्रीयता का संचार होता है। चूंकि आज के दौर में डिजिटल इंडिया की बदौलत सब कुछ इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया पर उपलब्ध है, ऐसे में देखते-देखते राष्ट्रप्रेम के संदेश करोड़ों देशवासियों के बीच फैल जाते हैं। इन संदेशों के प्रभाव से लोग देश के लिए अच्छे से अच्छा करने का संकल्प लेते हैं। इसके बाद दृढ इच्छाशक्ति की बदौलत वह सारे काम सफल होते हैं, जिनको मुश्किल कहा जाता है।

**तिरंगा झंडा के रंगों का अर्थ :** भारत का राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से मिलकर बना है। सबसे ऊपर जो केसरिया रंग है। वह साहस का प्रतीक है। बीच में सफेद रंग शांति और नीचे का हरा रंग शुभ और विकास का संदेश देता है। बीच में अशोक चक्र है। राष्ट्रीय ध्वज का वर्तमान प्रारूप जो आज है उसे भारत की संविधान सभा ने 22 जुलाई, 1947 को अपनाया था।

दुनिया के प्रत्येक देश के लिए उनका ध्वज होना जरूरी होता है। राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अर्थ देश में यहीं के नागरिकों की सत्ता होना होता है। धर्म भले अलग हों, लेकिन राष्ट्रीय ध्वज जो एक है, वह सभी को एक साथ लाकर खड़ा करता है। इससे तिरंगा एकता का भी बीजमंत्र है। 15 अगस्त, 1947 और 26 जनवरी, 1950 के बीच भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में तिरंगे को अपनाया गया। भारत में इससे पहले भी ध्वज हुआ करते थे।

**तिरंगा इमेज अशोक चक्र का महत्व :** तिरंगे के चक्र का अर्थ है गतिशील बने रहना। मौर्य सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए सारनाथ मंदिर से चक्र के प्रारूप को ध्वज में शामिल किया गया।

**राष्ट्रीय ध्वज भारतीय नागरिक शान से हैं फहरा सकता :** भारतीय ध्वज संहिता में संशोधन करने के बाद भारत के नागरिकों को अपने मकानों, दफ्तरों राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति मिल गई है। भारतीय नागरिक राष्ट्रीय झंडे को जब चाहें फहरा सकते हैं। लेकिन, तिरंगे के शान में कमी नहीं आनी चाहिए औश्र ध्वज संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

**ऐसा करना है वर्जित :** राष्ट्रीय ध्वज को सांप्रदायिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं लाया जा सकता। पूरा सम्मान करते हुए इसका ख्याल रखना चाहिए। वाहनों के हुड, ऊपर और बगल या पीछे, रेल, नाव या वायुयान आदि पर लपेटा नहीं जा सकता। सबसे खास बात यह है कि किसी अन्य ध्वज या ध्वज पट्ट को राष्ट्रीये ध्वज से ऊंचे स्थान पर नहीं लगाया नहीं जा सकता है।

**तिरंगा झंडा से बाजार हैं गुलजार :** दिल्ली का चांदनी चौक का सदर राष्ट्रीय ध्वज का सबसे बड़ा बाजार है। जहां छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा झंडा उपलब्ध है। देशभर के लोग विभिन्न अवसरों पर यहां आते हैं और बड़ी संख्या में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जाते हैं। यहां बिकने वाले तिरंगे देश के कई अलग अलग हिस्सों में बनाये जाते हैं और बिक्री के लिए सदर पहुंचते हैं। सदर बाजार के थोक व्यापारी के अनुसार सूरत, मथुरा, गुजरात, कोलकाता आदि से तिरंगा झंडा यहां पहुंचता है और फिर यहां से ये अन्य राज्यों में जाता है। उन्होंने कहा दिलचस्प बात यह है कि जहां से यह बन कर आते हैं, वहां के थोक विक्रेता भी दिल्ली के सदर में ध्वज खरीदने आते हैं। बाजार में खादी कपड़े और प्लास्टिक के झंडे खूब बिक रहे हैं। कपड़े के झंडे फहराने के काम आते हैं। जबकि प्लास्टिक के झंडे छोटे होते हैं। जो बच्चों के हाथ में होते हैं।

## कोल्हान की खबरें

## हर घर तिरंगा अभियान में पूर्व सीएम रघुवर दास ने फहराया तिरंगा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत एग्रिको स्थित आवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 2022 में शुरू हुआ यह राष्ट्रीय उत्सव आज प्रत्येक घर का उत्सव बन चुका है। श्री दास ने नागरिकों से 13 से 15 अगस्त तक सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की। उन्होंने कहा तिरंगा हमारी आजादी, एकता, समरसता और राष्ट्रीय गर्व के प्रतीक है। जिसका सदैव सम्मान करना चाहिए।

## साकची धालभूम क्लब में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)।** साकची स्थित धालभूम क्लब में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली द्वारा झारखंड राज्य के निमार्ता वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के याद में 14 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने तैयारी स्थल का निरीक्षण कर संयोजक मंडली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभा को सफल बनाने पर चर्चा की। मौके पर विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं,संगठन के सभी वर्गों और आमजनो से श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर झांरखण्ड के महानपुरुष वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, मिथुन चक्रवर्ती, पलटन मुर्मू, विजय अग्रवाल, रंजीत शाह, संजय दास, पिंटू लाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## स्वतंत्रता दिवस से पूर्व कांड्रा पुलिस का फ्लैग मार्च



**कांड्रा(आजाद सिपाही)।** आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर कांड्रा पुलिस ने क्षेत्र के बाजार से टोल टैक्स तक पैदल फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें 20 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। मौके पर थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने कहा स्वतंत्रता दिवस एक महापर्व है और इसे हर्ष-उल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्र में पुलिस बल की उपस्थिति से सुरक्षा और शांति का माहौल रहा। यह पहल स्वतंत्रता दिवस पर शांति और सौहार्द बनाये रखने के उद्देश्य से की गयी है।

# दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाजरत शिक्षा मंत्री की कुशलता जानने पहुंचे झामुमो नेतागण

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाटशिला/दिल्ली।** दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन के नेतृत्व में झामुमो नेताओं की एक टीम मंगलवार को दिल्ली पहुंची। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के पुत्र सोमेश सोरेन और झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाडंगी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने बताया चिकित्सकों की टीम मस्तिष्क में हुए रक्तस्राव को गंभीर बताते हुए फिलहाल मंत्री की स्थिति को स्थिर बताया है। उन्होंने कहा अन्य सभी पैरामीटर सामान्य हैं और उन्हें फिलहाल लाइफ सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। मौके पर हरीश भकत, गौरांग माहली, विक्रम मुर्मू, अमन मुर्मू, चंदन माहली, गुड्डू तिवारी और शंकर पांडा मौजूद रहे।

# इचागढ़ थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

## चौकीदारों से करायी जा रही वाहन जांच

आजाद सिपाही संवाददाता




**इचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के इचागढ़ थाना क्षेत्र में चौकीदारों के द्वारा हाथ में डंडा लेकर संदिग्ध वाहनों की जांच किये जाने पर सवाल उठने लगे हैं। जबकि चौकीदारों को कानूनी तौर पर वाहन जांच का अधिकार नहीं होता, उनका काम सुरक्षा व निगरानी और सूचना देना है। हैरानी की बात यह रही वाहन जांच कर रहे एक चौकीदार को थाना प्रभारी का नाम भी मोबाइल देखकर बताना पड़ा। चौकीदार कला चंद कुमार ने बताया यह कार्रवाई बड़े बाबू विक्रम आदित्य पांडे के निर्देश पर हो रही है। जिसमें बिना हेलमेट या सीट बेल्ट वाले चालकों को पकड़ा जा रहा है। इस बीच नक्सली गतिविधियों को लेकर भी क्षेत्र में चिंता बढ़ी है। कोल्हान को नक्सलमुक्त घोषित किए जाने के बाद भी हफ्ते में दो बार आईईडी बरामद हो रहे हैं। हाल ही में खरसावां में भारी मात्रा में विस्फोटक मिलने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं।ग्रामीणों का कहना है पुलिस को अपनी कार्यप्रणाली सुधारनी चाहिए और नक्सलियों व अवैध बालू खनन पर कड़ा अंकुश लगाना चाहिए। इचागढ़ को बालू माफियाओं का गढ़ माना जाता है, जहां कई बार अवैध खनन व भंडारण पर कार्रवाई हो चुकी है। अब सवाल है एसपी मुकेश कुमार लुणायत इस मामले में क्या संज्ञान लेंगे।

## जमशेदपुर टेंट डीलर्स वेल्फेयर ऑर्गनाइजेशन ने की फर्जी बैठक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर टेंट डीलर्स वेल्फेयर ऑर्गनाइजेशन ने भालुबासा स्थित एक होटल में आयोजित बैठक को फर्जी औरअसंवैधानिक करार दिया। बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी बीते 10 अगस्त को हुई बैठक विफल होने के बाद कुछ लोग संगठन का नाम व बैनर इस्तेमाल कर सदस्यों को गुमराह कर रहे हैं। अध्यक्ष पीएन दास, महामंत्री ओम प्रकाश सिंह और कोषाध्यक्ष अनूप सबलोक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सदस्यों से ऐसी बैठकों से दूर रहने की अपील की। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार बुधवार की बैठक भी असफल रही और अधिकांश सम्मानित सदस्य इसके विरोध में शामिल नहीं हुए। जिससे संगठन की एकता व मजबूती साबित हुई। उन्होंने कहा संगठन को किसी भी हाल में टूटने नहीं देंगे। जमशेदपुर टेंट डीलर्स वेल्फेयर ऑर्गनाइजेशन के महामंत्री ने इसकी सूचना सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के वॉटशाप ग्रुप में भेज दी है। संगठन उन सभी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती है।

## टाटा मोटर्स बीआइडब्ल्यू फैक्ट्री में रक्तदान शिविर, 134 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स बीआईडब्ल्यू फैक्ट्री में आयोजित रक्तदान शिविर में 134 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, संयुक्त सचिव एच.एस. सैनी, बीआईडब्ल्यू फैक्ट्री जीएम मुनिष राणा, ईआर एवं सीएसआर हेड सौमिक रॉय समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।शिविर में उत्कृष्ट रक्तदाताओं में तरूण कुमार मंडल (53 बार) और चंदन कुमार (51 बार) को शॉल, उपहार और फ्लावर पॉट देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने टाटा मोटर्स की रक्तदान परंपरा को जीवन बचाने वाली सराहनीय पहल बताया।

## कदमा में आदिवासी विरासत और शिल्पकला का उत्सव जोहार हाट 14 से 20 अगस्त तक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** प्रकृति विहार कदमा में 14 से 20 अगस्त तक जोहार हाट का आयोजन होगा। जिसमें झारखंड, असम और ओडिशा की छह जनजातियां खरवार, बोडो, उरांव, हो, मुंडा और संथाल भाग लेंगी। 21 प्रतिभागी पारंपरिक शिल्पकृतियां, व्यंजन और उपचार पद्धतियां प्रदर्शित करेंगे। यह आयोजन वीर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू मुर्मू, जिरपा सिंह लाया और पोटो हो को समर्पित है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य आकर्षणों में बेंत और आदिवासी आभूषण निर्माण कार्यशालाएं, मड़वा मोमोज समेत पारंपरिक थालियां, कोरियन फ्यूजन व्यंजन, सोहराय चित्रकला, टेराकोटा-डोकरा शिल्प, बोडो चटाई-बेंत शिल्प, सबई घास उत्पाद और पारंपरिक आदिवासी उपचार पद्धतियां शामिल होंगी। रंग-बिरंगे कपड़ों की झालरों से सजा स्थल आदिवासी संस्कृति, इतिहास और कला का जीवंत अनुभव कराएगा।

## झारखंड के शिल्पकार को हमेशा याद किया जायेगा: रामाशीष यादव

**भाजपा नेता रामाशीष यादव ने नेमरा गांव पहुंचकर गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशीष यादव ने रामगढ जिले के नेमरा गांव में पहुंचकर झारखंड राज्य के शिल्पकार एवं पुर्व मुख्यमंत्री दिसोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। रामाशीष यादव ने उनके पुत्र तथा वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आत्मीय मुलाकात कर दिसोम गुरू शिबू सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके त्याग, संघर्ष और जन सेवा को नमन किया। श्री यादव ने कहा कि दिसोम गुरुजी का संपूर्ण जीवन समाज और झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। उनके योगदान को झारखंड की जनता हमेशा याद रखेगी।

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने आश्रम आवासीय बालिका विद्यालय मझिगावां का निरीक्षण किया



कांडी (आजाद सिपाही)। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बुधवार को मझिगावां पंचायत स्थित हरिहरपुर ओपी के पास संचालित आश्रम आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यह विद्यालय जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित है। विदित हो कि यह आवासीय बालिका विद्यालय कक्षा 6 से 10 तक संचालित है, जिसमें पलामू प्रमंडल की आदिवासी छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान बीडीओ राकेश सहाय, पंचायती राज प्रखंड कॉर्डिनेटर उमंग कुमार पाण्डेय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, वार्डेन अनुभा टोप्पो सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## पुलिस ने 70 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया



धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को खुटिया पंचायत अंतर्गत शुरू सेमरावा गांव में अभियान चलाते हुए अवैध रूप से संग्रहित 70 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के एक सुदूर गांव में बड़ी मात्रा में जावा महुआ छिपाकर रखा गया है, जिसका उपयोग अवैध शराब बनाने में किया जाना था। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई और संदिग्ध स्थान पर छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि छापेमारी के दौरान झाड़ियों और एक परित्यक्त घर के पीछे बोरे में भरे 70 किलो जावा महुआ बरामद हुए। इसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि इसका इस्तेमाल किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में न हो सके। थाना प्रभारी ने कहा कि यह कार्रवाई अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

## नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना के द्वारा मंगलवार को आरके प्लसटू उवि रंका एक संत जोसेफ उवि विश्रामपुर में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों उच्च विद्यालयों के छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि नशाखोरी व्यक्ति को गरीबी में धकेल नाश कर देती है। चाहे वह किसी भी प्रकार का नशा हो। सर्वांगीण विकास के लिए नशा से मुक्ति बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के तहत बाईक चलाने वाले हेल्मेट अवश्य पहनें। आपके पापा भैया जो कम पढ़े लिखे लोग हैं वे मोबाइल वाट्सएप, यूट्यूब, आदि के अलावा सभी फंक्शन को नहीं जानते होंगे। यदि कहीं से कोई मैसेज लिंक आता है तो उसे क्लिक या छेड़छाड़ नहीं करें। इस मौके पर रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह सहित छात्र-छात्राएं और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# तिरंगा राष्ट्र की आन, बान और शान का प्रतीक है : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान की गूंज आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में भी सुनायी दी। बुधवार को विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो उठा, जब जूनियर और सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने तिरंगे की शान में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की शुरूआत जूनियर विंग द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों की झांकी प्रस्तुति से हुई, जिसमें भारत माता के वीर-वीरांगनाओं के बलिदान और संघर्ष को जीवंत रूप में दर्शाया गया। वहीं सीनियर विंग ने 'असेंबली विथ तिरंगा' का आयोजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने तिरंगा हाथ में लेकर 'भारत माता की जय', 'जय हिंद', 'वंदे मातरम' और स्वतंत्रता सेनानियों के जयघोष से पूरा माहौल देशभक्ति से भर दिया।

विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि तिरंगा सिर्फ रंगों का संगम नहीं, यह हमारे राष्ट्र का सम्मान, हमारी एकता और हमारी पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद तिरंगा हमें शान हमेशा दिलाता है। यह सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, संघर्षों और सपनों का प्रतीक है। कार्यक्रम में जूनियर विंग ने स्वतंत्रता सेनानियों की जीवंत झांकी प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया, वहीं सीनियर विंग ने 'असेंबली विथ तिरंगा' के तहत देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंजा दिया। पोस्टर और देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में बच्चों ने अद्भुत रचनात्मकता और उत्साह का प्रदर्शन किया।

## देश का तिरंगा हिंदुस्तान का स्वाभिमान है: एमपी केसरी

**राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के निर्माण यात्रा पर जीएन कॉन्वेंट स्कूल में परिचर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के निर्माण यात्रा का प्रस्तुति की गयी। सभा में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केसरी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारत के राष्ट्रीय ध्वज जिसे तिरंगा भी कहते हैं तीन रंगों की खेती पत्तियों के बीच नीले रंग के एक चक्र द्वारा सुशोभित ध्वज है। यह ध्वज राष्ट्र की अखंडता और सम्प्रभुता को दर्शाता है और संपूर्ण राष्ट्र में रहनेवाले अलग अलग समुदायों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में बच्चों को झंडागीत सुनाया और गायन किया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली। जागरुकता तिरंगा यात्रा खरौंधी मोड से प्रारंभ हुआ। जिसमें देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम, तिरंगा हमारी शान है, घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है, आदि नारा लगाकर लोगों को जागरुक करते हुए मुख्य पथ होते हुए कर्पूरी चौक पहुंच कर समाप्त हुआ। इस मौके मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, अनिल चौबे, धनंजय साह, दयानंद सोनी, निरंजन पाठक, दयानंद प्रजापति, ब्रजेश चौबे, सुनील सिंह, अजीत चौबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीडीएसयू में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। यह तिरंगा यात्रा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ विश्वविद्यालय परिसर में चारों ओर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की अस्मिता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान हमें यह स्मरण कराता है कि हम सभी भारतीय एक सूत्र में बंधे हैं और देश की एकता व अखंडता के लिए संकल्पित हैं। देशभर में यह अभियान 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हर नागरिक को अपने-अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस एतिहासिक अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अजय भूषण प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार एवं अन्य उपस्थित हुए।

### बीडीएसयू में चलाया गया नशा मुक्त अभियान

बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज यूनिवर्सिटी के परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाना था। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने सभी शिक्षकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारीगण एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र छात्राओं को स्वयं नशे से दूर रहने और अपने अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे के दुष्प्रभाव से बचने एवं शराब, तंबाकू, ड्रग्स के सेवन नहीं करना और अपने गांव, कस्बे और शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाया।

## गढ़वा जिला पाल महासभा ने राजमाता अहिल्याबाइ होलकर की पुण्यतिथि मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर के पुण्यतिथि के अवसर पर गढ़वा जिला पाल महासभा के द्वारा चिनिया मोड़, नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय नगर भवन के समीप स्थापित अहिल्याबाई होलकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुए पाल महासभा के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने तलवार से नहीं परोपकार एवं न्याय से इतिहास रचा। वह एक रानी नहीं साध्वी थी, जिन्होंने गद्दी को तपोभूमि बना दिया।

इस अवसर पर युवा समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर भारतीय संस्कृति की महान संरक्षक थी, उन्होंने अपने कार्यकाल में विपरीत परिस्थितियों के बीच नारियों के उत्थान, गरीबों का कल्याण एवं लोकहित के अनेक कार्य किया। राजमाता अहिल्याबाई होलकर का व्यक्तित्व समग्र भारतीय समाज के लिए अनुकरणीय है। अहिल्याबाई होलकर पाल वंश की एक धरोहर है, हम उन्हें नमन करते हैं। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल, युवा समाजसेवी राकेश पाल, सुमित पाल, सुखबीर पाल, बुधन पाल, सुरेंद्र पाल, रामनाथ पाल, रामदेव पाल, जितेंद्र पाल, विवेकानंद पाल, रामेश्वर पाल, दिलीप पाल, विनय पाल समेत सैकड़ों की संख्या में पाल समाज के लोग उपस्थित रहें।

## भवनाथपुर में 108 एंबुलेंस सेवा ढाई माह से ठप, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत संचालित दो 108 एंबुलेंस सेवाएं विगत ढाई माह से बंद पड़ी हैं, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। इस कारण मरीजों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार की शाम सम्मान फाउंडेशन के जिला और राज्य स्तरीय पदाधिकारी भवनाथपुर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दोनों एंबुलेंस में कार्यरत कर्मचारियों से तकनीकी खराबी से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से वाहन में यांत्रिक दिक्कत आने के कारण सेवाएं बाधित हैं और मरम्मत का कार्य लंबित है। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आवश्यक तकनीकी मरम्मत और पुर्जों के प्रतिस्थापन का कार्य तत्काल शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकतम एक सप्ताह के भीतर दोनों एंबुलेंस सेवाएं पुनः बहाल कर दी जायेंगी, जिससे क्षेत्रवासियों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि108 एंबुलेंस सेवा ठप रहने से गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना पीड़ितों और गंभीर मरीजों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। कुछ मामलों में समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने से मरीज की हालत बिगड़ने तक की नौबत आई है। इस मौके पर सम्मान फाउंडेशन के मैनेजर दीपक सिंह, जोगेश कुमार, राजेश सिंह सहित 108 एंबुलेंस कर्मी उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक स्कूल मंझिआंव में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह आयोजित



**मंझियांव (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल, मंझियांव में गुरुवार को एक विशेष समारोह में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अपनी छात्र परिषद का गठन किया गया। समारोह के दौरान, विद्यालय के प्रधानाचार्य केआर झा ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बैज प्रदान किये। अपने संबोधन में, उन्होंने नेतृत्व, जिम्मेदारी, निर्णय लेने की क्षमता, साहस और धैर्य जैसे आवश्यक गुणों को विकसित करने में छात्र परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने परिषद के सदस्यों से। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडे ने अपने संदेश में छात्र परिषद के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में उनकी मदद करेगा। प्रधानाचार्य के साथ बैज वितरण में उप-प्रधानाचार्य राजेश पांडे और वरिष्ठ संकाय सदस्य रूपेश कुमार पांडे, संतोष गुप्ता, राकेश प्रजापति, हनीफ अंसारी, प्रीति कुमारी और रानी कुमारी शामिल थे। सभी ने नवगठित परिषद को अपना समर्थन और बधाई दी।

## जेपीएससी में जिले से चयनित सभी अभ्यर्थियों को बीएनटी संत मैरी स्कूल में किया गया सम्मानित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी और बीएन टी संत मैरी स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय बैजनाथ तिवारी की 23वीं पुण्यतिथि पर जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 के गढ़वा से चयनित सभी आठ अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। बीएनटी संत मैरी स्कूल के निदेशक सह गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी गढ़वा जिले से चयनित कुल आठ अभ्यर्थियों में बनपुरवा से कुमार दुबे, सत्यम गर्ग, अर्चना तिवारी, सुधांशु रंजन, तेजस्वी जायसवाल, पंकज कुमार यादव, साकेत तिवारी, आकाश कुमार को सम्मानित कर अपने पिता स्वर्गीय बैजनाथ तिवारी को श्रद्धांजलि दी। एसडीम संजय कुमार पांडेय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 के चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं एवं आपकी यह सफलता समाज के अंतिम पायदान पर उपस्थित व्यक्तियों के लाभ तक पहुंचाने में ही निहित है। इस विशिष्ट अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को उपस्थित प्रबुद्ध जन एवं श्री उमाकांत तिवारी ने संयुक्त रूप से बुके एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में गोताखोरों के साथ हुआ संवाद

# एसडीएम ने गोताखोरों को 'जल रक्षक' की उपाधि दी, किया सम्मानित

**जलीय आपदाओं से निपटने के लिए कुशल 'जल रक्षकों' की टीम जरूरी : एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में आज क्षेत्र भर के गोताखोरों के साथ उनकी सौहार्दपूर्ण बैठक हुयी। इस दौरान न केवल क्षेत्र के गोताखोरों की निजी समस्याओं को सुना गया, बल्कि नदियों एवं जलाशयों में होने वाली आकस्मिक घटनाओं पर त्वरित बचाव कार्य, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा गोताखोरों के प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। एसडीएम के निमंत्रण पर इस संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के 26 जल-रक्षकों (गोताखोरों) ने हिस्सा लिया।

एसडीएम ने कहा कि बरसात के मौसम में जल स्तर बढ़ने से डूबने की घटनाओं में इजाफा होता है, ऐसे में गोताखोरों की भूमिका जीवनरक्षक के रूप में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने सभी गोताखोरों से खुद भी सतर्क रहने, बचाव के लिए सदैव तैयार रहने और जलाशयों में किसी आपदा की स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना देने का आग्रह किया। एसडीएम ने गोताखोरों को 'जल रक्षक' का विशेषण देते हुये उनकी चुनौती पूर्ण भूमिकाओं की सराहना की। बैठक में गोताखोरों ने अपने अनुभव साझा किये और बचाव कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने अपने सुझाव भी दिये।

**प्रशिक्षण की जरूरत :** संवाद में इस बात का जोर दिया गया कि किसी जलीय आपदा के बाद तात्कालिक रूप से क्या-क्या प्राथमिक चिकित्सा से जुड़े उपाय किए जा सकते हैं इस पर उन्हें एक अनौपचारिक प्रशिक्षण दिया जाए। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि वे जल्द ही स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी गोताखोरों के लिए 'लाइफ सेविंग' पर एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित करवायेंगे, जिसमें डूबे हुए व्यक्ति की जीवन रक्षा के लिए तात्कालिक मानवीय उपाय जैसे माउथ ब्रीदिंग, सीपीआर आदि शामिल रहेंगे।

**संसाधनों का अभाव :** ज्यादातर गोताखोरों ने कहा कि वे मछली पकड़ने के क्रम में कुशल गोताखोर बन गए हैं, किंतु उनके पास गोताखोरी से संबंधित तकनीकी चीजों की कमी है, यहां तक कि कई बार उनके पास रस्सी और जाल भी अच्छी गुणवत्ता का नहीं मिल पाता है। उन्होंने लाइफ जैकेट, ऑक्सीजन किट, 8 इंच खानेदार जाल आदि उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

**मानदेय के विकल्प तलाशेंगे :** अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के अच्छे गोताखोरों की सूची मत्स्य विभाग के समन्वय से तैयार करवायेंगे, उनमें से कुछ उत्कृष्ट गोताखोरों को मानदेय या पारिश्रमिक के आधार पर कैसे अनुमंडल स्तर की आपदा प्रबंधन टीम से जोड़ा जाये, इन विकल्पों पर भी जल्द ही कोई उपाय निकालेंगे।

**सोनू कुमार व करीमन चौधरी को किया पुरस्कृत :** पिछले दिनों कोयल नदी में अचानक बाढ़ आने के बाद टापू में फंसे एक दिव्यांग युवक को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू अभियान में जुटे रहने वाले गोताखोर सोनू कुमार को एसडीएम संजय कुमार ने शाल ओढ़ाकर एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। इसी प्रकार हाल ही में अन्नराज डैम में डूबे सहीजना के युवक का शव 30 फीट गहरे पानी से निकाल लाने वाले गोताखोर करीमन चौधरी को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

बैठक के दौरान मुंशी चौधरी, धीरज कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, सरदार प्रजापति, गोविंद चौधरी, रविंद्र, शंभू, अरविंद, राम लखन, गुड्डू चौधरी, जमीदार चौधरी, सिकंदर, तज्बुल, सूरज, करीमन, नवल सिंह, धनंजय, वीरेंद्र, ओम प्रकाश, सोनू, राजेश, दशरथ, कौशर, जितेंद्र, उदल चौधरी आदि गोताखोरों के अलावा मत्स्य विभाग के पर्यवेक्षक चंदेश्वर साहनी ने अपने विचार रखे।

### सगमा मुखिया ने नवजात बच्चे को सीडब्लूसी को सौंपा

सगमा (आजाद सिपाही)। मुखिया ने नवजात बच्चे को सीडब्लूसी को सौंप, राहत की सास ली। गौरतलब है की बीते रविवार को धुरकी थाना क्षेत्र के मकरी गांव के जंगल के झाड़ी से एक नवजात शिशु को पाया गया था, जिसे ग्रामीणों द्वारा सगमा प्रखंड के बीरबल पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के यहां रखा गया था। मुखिया ने बताया कि जब से बच्चा मेरे पास आया, उसके बाद बच्चे को गोद लेने वालों की भीड़ जमा होने लगी थी।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा कोडरमा जिला के मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है, कि PR No. 357434 Fish (25-26) D के द्वारा वेदव्यास आवास निर्माण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित की गई थी। उक्त योजना के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 01.08.2025 तक निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणवश संबंधित योजना का अवधि विस्तार करते हुए दिनांक 25.08.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 359490 (Fish)25-26*D

कार्यालयय राँची नगर निगम, (सामान्य शाखा)
कचहरी रोड, राँची, पिन – 834001
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

पत्रांक :– 744 दिनांक :– 12.08.2025

आवश्यक सूचना

दिनांक 15.08.2025 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले सभी बधशाला एवं मांस, मछली, मुर्गा की दुकानें पूर्णतः बन्द रहेगी एवं क्रय–विक्रय बन्द रहेगा।

दिनांक 15.08.2025 को जो भी मांस, मछली, मुर्गा बिक्री करते हुये पाये जायेंगे, उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
उप प्रशासक,
रांची नगर निगम, रांची

PR 359443 Ranchi Municipal Corporation(25-26)#D

# डीसी ने किया फुलड्रेस परेड रिहर्सल का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम मैदान में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल, महिला पुलिस बटालियन, एनसीसी की तीनों विंग, स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां और एमबी डीएवी के छात्र शामिल हुए। परेड के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा ड्रिल और कराटे का प्रदर्शन किया गया। स्वतंत्रता दिवस -2025 के दिन सुबह 7.45 बजे उपायुक्त आवास में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद नगर परिषद क्षेत्र लोहरदगा में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण सुबह 8 बजे से 8-45 बजे तक किया जाएगा। समाहरणालय परिसर लोहरदगा में उपायुक्त लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सुबह 10.40 बजे और पुलिस लाईन में सुबह 11.20 बजे किया जाएगा। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा पुराना डीआरडीए कार्यालय में सुबह 10.55 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। अनुमण्डल कार्यालय लोहरदगा में सुबह 11 बजे अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।



### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की होंगी मुख्य अतिथि

बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा ध्वजारोहण सुबह 9.05 बजे किया जायेगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का सैल्युटिंग बेस पर आगमन सुबह 8.50 में होगा। मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात चयनित विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ड्रिल डिस्प्ले और कराटे की कलाओं का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके उपरांत पारितोषिक, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया जायेगा। मुख्य समारोह के सफल आयोजन हेतु उपायुक्त द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## लातेहार में उपायुक्त-पुलिस कप्तान ने किया पूर्वाभ्यास



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में पूर्ण गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा।

इसी क्रम में और उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले ध्वजारोहण-राष्ट्रगान एवं परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया।

इस दौरान सार्जेंट मेजर और सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया गया। इस दौरान सभी का उत्साहवर्धन किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त ने मुख्य समारोह स्थल के मैदान को सुसज्जित करने, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था , विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी देशभक्ति से ओत-प्रोत हों शांतिपूर्ण ढंग से इस राष्ट्रीय पर्व को मनाएं। विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विदित हो कि 15 अगस्त को प्रातः 9.05 बजे जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में झंडोतोलन किया जायेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीसी ने सभी कार्यो का समय पर निष्पादन का दिया निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पीवीयूएनएल, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक सहित अन्य परियोजनाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी अंचल अधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी, प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# बरवाडीह में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को बरवाडीह भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता सह प्रखंड उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला गया। वही तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे के साथ पुराना पंचायत भवन से निकलकर बरवाडीह की विभिन्न बिभिन्न मुहल्ला, रेलवे कॉलोनी, समेत बरवाडीह के विभिन्न महापुरुषों को माल्यर्पण किया। उसके बाद भाजपा प्रखंड कार्यालय पहुंची। तिरंगा यात्रा मे भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ साथ काफी संख्या में लोग शामिल थे। यात्रा समापन के पश्चात बीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि देश हित मे सभी के दिल में राष्ट्रभक्ति होनी चाहिए किसी भी स्थिति में हमें अपने देश का साथ रहना चाहिए तिरंगा हमारा देश की आन बान और शान का प्रतीक है। मौके भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह, कन्हाई प्रसाद,दिलीप यादव, सुनील सिंह,पारस जायसवाल, दीपक तिवारी,ओमप्रकाश गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद उर्फ ओपी,बंटी ठाकुर, वरुण सिंह, मनोज यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वाहन चेकिंग में 1.20 लाख जुर्माना की वसूली

**सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, नियमों का पालन ही जीवन की सच्ची गारंटी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद के आदेशानुसार, जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, रोड इंजीन/ एनालिस्ट कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज सी. शंकर मार्डी तथा सी सुधीर सिंह अपनी-अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे। व्यस्त चौराहों और मुख्य मार्गों पर वाहनों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट/ सीट बेल्ट का प्रयोग, ओवरलोडिंग तथा नशे में ड्राइविंग जैसी प्रमुख बिंदुओं की गहन जांच की गयी। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 37 वाहनों से लगभग 1,20,000 (एक लाख बीस हजार) का जुर्माना वसूला गया। टीम ने मौके पर ही चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, गति सीमा का सम्मान करने और मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसी आवश्यक हिदायतें दीं। जिला परिवहन पदाधिकारी जया संखी मुर्मू ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबकी साझी ज़िम्मेदारी है। नियमों का पालन करके हम अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि लोहरदगा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ बने। हेलमेट/ सीट बेल्ट जरूर लगाएं, निर्धारित गति से चलें, नशे में वाहन न चलाएं, और ट्रैफिक संकेतों का पालन करें–परिवार आपका इंतजार करता है।



# आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची बनाकर नियमित मॉनिटरिंग करें : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने समाज कल्याण की बैठक की जिसमें सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पयवेक्षिका को नियमित रूप से अपने-अपने पोषक क्षेत्र अवस्थित आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित भ्रमण करने व कमियों में सुधार लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन आंगनवाड़ी केंद्रों में इंडीकेटर्स की स्थिति अच्छी नहीं है उनकी सूची बना लें और उनका भ्रमण कर उसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। आंगनवाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुलें। जो बच्चे वहां रजिस्टर्ड हैं उनसे संबंधित पंजी संधारित की जाए। उन बच्चों का नियमित रूप से लंबाई व वजन का माप लिया जाए। आंगनवाड़ी केंद्र में सुधार हेतु संबंधित सेविका, सहायिका को स्पष्ट निर्देश दें। जहां सेविका व सहायिका के पद रिक्त हैं उन्हें भरे जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युत, टैप वाटर, आंगनवाड़ी भवन की स्थिति, नये भवन का निर्माण व मरम्मति, नेटवर्क कनेक्टिविटी, पोषण टैज्कर एप, पोषाहार वितरण, वीएचएसएनडी व कम्युनिटी बेस्ट कार्यक्रमों का आयोजन, एमटीसी केंद्रों में बच्चों की भर्ती, प्रधानमंत्री वंदना योजना समेत अन्य संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# सभी पदाधिकारी ग्रासरूट पर कांग्रेस को करें मजबूत : एनुल अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत कैरो प्रखंड के सभी 6 पंचायतों में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी गठन के उपरांत पंचायत के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं महासचिव को प्रमाण पत्र दिया गया। प्रमाण पत्र वितरण के मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद ने सभी पदाधिकारिओं के कार्यों एवं दायित्वों को बताते हुए कांग्रेस के सिद्धांत, विचारधारा, इतिहास, संविधान की रक्षा एवं सामाजिक न्याय के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को गांव के हर एक व्यक्ति एवं मतदाताओं तक पहुंचाने की अपील की। प्रखंड पर्यवेक्षक एनुल अंसारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी पद के उत्तरदायित्व को निभाते हुए ग्रासरूट पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करें। लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी सड़क से लेकर सदन तक देश के हर एक नागरिक के हक अधिकार एवं रक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके हाथों को हमें मजबूत करना है। मंडल अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि संगठन सृजन का उद्देश्य पार्टी को नए सिरे से रचना या संगठित करना है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद, प्रखंड पर्यवेयक्षक एनुल अंसारी, मंडल अध्यक्ष महताब आलम, पंचायत अध्यक्ष नाजिम अहमद, विजय उरांव, परवेज अंसारी, नारायण उरांव, गंदरु उरांव, कांशी उरांव, प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष रशीद अंसारी, यूथ अध्यक्ष तिला उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष विजय कुमार एक्का, मुस्लिम अंसारी, नईम अंसारी, शमीरुद्दीन अंसारी, मोजाहिर अंसारी जमील अंसारी, जियाउल अंसारी आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।



# पेसा कानून के लिए प्रशिक्षण शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में पेसा कानून के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को प्रथम दिन जन प्रतिनिधि व स्वयं सेवकों को पेशा कानून का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम से पूर्व प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, सफरुद्दीन अंसारी मुखिया कमला देवी, बसंती देवी, राजश्री उरांव, शोभा देवी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ किया गया। वही प्रशिक्षक धनंजय प्रजापति द्वारा पेशा कानून के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि लोहरदगा जिला अनुसूचित जन जाति बाहुल जिला है.जिस निमित जानकारी देते हुए बताया की पेशा कानून के तहत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसे सभी जन प्रतिनिधियों और आम नागरिक को कानून की पूरी जानकारी होनी चाहिये। वही प्रशिक्षक के द्वारा पेशा कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सुजीत उरांव, विजेता मिश्रा,गोपाल उरांव, अनिल उरांव, द्रौपदी देवी,सुमी उराइन, रोहित उरांव,रामावतार उरांव समेत सैकड़ो जन प्रतिनिधि व स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# गोपाल साहु पब्लिक स्कूल धूमधाम से मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा के पाकरटोली स्थित गोपाल साहु पब्लिक स्कूल में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नीरज साहु ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, बाल लीलाओं एवं जन्माष्टमी के महत्व से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मटकी फोड़, भजन-कीर्तन और नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय परिसर में प्रबंधक अनंत देवघरिया, शिक्षकों सहित कई विद्यार्थि उपस्थित थे।

# नेत्र जांच शिविर में दवा और चश्मा का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ शशिकांत कुमार द्वारा अलौदी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय हेसवे में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर विद्यालय के 114 छात्र छात्राओं का आंख जांच किया गया। वही डॉक्टर शशिकांत कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नेत्र जांच के क्रम में निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष, आंख से पानी आना, पढ़ाई के समय बच्चे बच्चियों को धुंधलापन दिखाई देना तथा आंख में जलन होना सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच किया गया। जांच के पश्चात छात्र छात्रओं को निःशुल्क दवा गया। वैसे विद्यार्थियों को जिन्हें चश्मा की आवश्यकता होगी तो उन्हें चश्मा देने की बात कही गयी आंख का बचाव के लिये जागरूक करते हुए गाजर, दूध, फल, अंडा और हरा साग सब्जी खाने के लिये तथा गुलाब जल आंख को धोने के लिये परामर्श दिया गया। वही अंधापन से रोक थाम की दिशा में सार्थक पहल किया जा रहा है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## कार्रवाई पंचायत के मुखिया को स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए मिला निमंत्रण पत्र



**गारु (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के गारु प्रखंड अंतर्गत कार्रवाई पंचायत के मुखिया को दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को देखने हेतु, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विशिष्ट अतिथि का निमंत्रण मिला स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम को देखने के लिए लातेहार जिले के गारू प्रखंड अंतर्गत पंचायत कार्रवाई के मुखिया सुनेश्वर सिंह को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। मुखिया सुनेश्वर सिंह को यह सम्मान उनके द्वारा ग्राम स्तर पर किए गए उत्कृष्ट कार्यों, जनहित में सतत प्रयासों और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रदान किया गया है। उनके कार्यों ने न केवल ग्राम कार्रवाई बल्कि पूरे जिले में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर जिला प्रशासन समेत प्रखंड वासियों ने सुनेश्वर सिंह को बधाई देते हुए इसे लातेहार के लिए गर्व का विषय बताया है और उम्मीद जतायी है कि उनके प्रयास भविष्य में भी ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नयी उंचाइयां स्थापित करेंगे।

# जोड़ा खस्सी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई प्रखण्ड के भदौली मंडा टांड़ मैदान में सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब, भदौली के तत्वावधान में आज तीन दिवसीय जोड़ा खस्सी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक पिताम्बर झा के द्वारा गेंद उच्छालकर किया गया। पहला मैच भदौली बनाम जवाहर नवोदय विद्यालय, घाघरा के बीच खेला गया, इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करते हुए घाघरा का टीम25-11अंक से विजेता होकर अगले चक्र में प्रवेश कर गया। मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पीतांबर झा ने कहा कि सिसई में प्रतिभावान खिलाड़ी की कमी नहीं है ।यहां सींचने और संवारने की जरूरत है।हांकी फुटबॉल क्रिकेट खो-खो और कबड्डी के खिलाड़ी राज्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय में अपना परचम लहरा रहे हैं ।अब वॉलीबॉल का भी खिलाड़ियों बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए इससे आपसी प्रेम भाव बढ़ता है। इस प्रतियोगिता का समापन 15 अगस्त को होगा। उद्घाटन मैच में मुख्य रूप से पिताम्बर झा, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, सुजित जायसवाल, रामानंद सिंह, रेफरी ज्योति रंजन सिंह, कोच रायमुनी कुमारी एवं रेशमा बानो सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## घर-घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल की ओर से बुधवार को घर-घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरूआत ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से पूजा अर्चना के बाद हुई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने घर-घर तिरंगा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। इसका मूल उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय भावन को और तेज गति से जागृत करना है। कहा कि राष्ट्र एवं सनातन संस्कृति की रक्षा करना ही हमारा मूल मंत्र है। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, वरीय भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला, शिवबंश मिश्रा, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, गोपाल सोनी, ज्वाला गुप्ता, किरण शर्मा, रजनीश चंद्रवंशी, भूषण चंद्रवंशी, सुमंत चंद्रवंशी, संजय ठाकुर, संजय साह, संतोष राम, दामोदर यादव, सुनील चौधरी, विजय कुमार रवि, मनीष कुमार, देवनाथ यादव, बबन पाठक और असलम बहादुर आदि शामिल हुए। इधर, भाजपा ग्रामीण मंडल की ओर से निकली गयी तिरंगा यात्रा की शुरूआत तोलरा ग्राम पंचायत से हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के बाद तिरंगा यात्रा का समापन पार्टी के बी मोड़ स्थित कार्यालय में हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुए। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, उपेन्द्र तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आशी केयर अस्पताल हुआ पलामू जिले का सर्वश्रेष्ठ मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पातल घोषित



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आशी केयर अस्पताल को अल्टिमेट ग्लोरी अवार्ड 2025 में पलामू का सर्वश्रेष्ठ मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल घोषित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मशहूर अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा ने एक भव्य समारोह में प्रदान किया। जिसका आयोजन जूल आउट फाउंडेशन की ओर से जमशेदपुर स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। यह सम्मान आशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के निदेशक मनीष तिवारी ने ग्रहण किया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पूरी मेडिकल टीम और संस्थान की ओर से आभार व्यक्त किया। कहा कि यह पुरस्कार हमारी पूरी टीम की निष्ठा, सेवा और गुणवत्ता में निरंतरता का प्रतीक है। हम पलामू और झारखंड के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आशी केयर अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं, अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर, और मानवीय सेवा के लिए पूरे झारखंड में जाना जाता है। यह पुरस्कार अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा ने जमशेदपुर के सभागार में प्रदान किया। आशी केयर अस्पताल की ओर से पुरस्कार ग्रहण करते हुए मनीष तिवारी ने कहा कि यह सम्मान हमारी टीम के रोगी देखभाल, मानवता और निष्ठा के प्रति अथक समर्पण का प्रमाण है। हम अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के मानकों को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बतातें चलें कि अल्टीमेट ग्लोरी अवार्ड 2025 विभिन्न क्षेत्रों के संस्थानों और व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समाज पर सकारात्मक प्रभाव के लिए सम्मानित करता है। बॉलीवुड स्टार जयाप्रदा और मिथुन दा जैसी प्रसिद्ध हस्तियों की उपस्थिति ने इस शाम को और भी खास बना दिया।

## एके सिंह कॉलेज में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम आयोजित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा योजना और जेएसएलपीएस हुसैनाबाद के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक विकास के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्राचार्य प्रो डॉ आनंद कुमार ने कहा कि वर्तमान भारत विकास की ओर दिन प्रतिदिन कदम बढ़ा रहा है। यदि किसी देश का युवा वर्ग नशे की चपेट में आ जाय तो उस क्षेत्र के समाज एवं देश का विनाश प्रारंभ हो जाता है। इसलिए आप सभी युवा छात्र-छात्राओं से कहना है कि आप लोग कभी भी किसी नशे की शुरूआत ना करें। मित्रतावश यदि आप कभी भी एक सिगरेट की कश लेते हैं तो आजीवन उसके गुलाम बन जाएंगे। इनके बाद जेएसएलपीएस हुसैनाबाद की कमला वर्मा, प्रिया कुमारी, व्रत देवी, रिना देवी, सिन्धु देवी तथा लीलावती देवी ने नशा उन्मुलन के लिए अपने विचार रखे और नशा नहीं करने की सलाह दी। इस मौके पर प्रो डॉ आलोक रंजन कुमार, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो डॉ चंदन कुमार सिंह, प्रो अरुण कुमार सिंह, प्रो सुदीप कुमार, प्रो जयशंकर प्रसाद सिंह, अनिकराज पाल, प्रिंस कुमार सिंह, मनीष प्रताप सिंह, नितेश कुमार सिंह, विवेक कुमार, सरवर आलम आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो राहुल कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मिले ट्री मैन डॉ कौशल, भेंट किया चंदन का पौधा

## कहा- सेना से सरहद और पौधों से होती है ब्रह्मांड तक की सुरक्षा

**पांच दिवसीय जापान दौर से लौटने पर डॉ कौशल ने केंद्रीय मंत्री से साझा किये कार्यक्रम के अनुभव**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर जाकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु एवं बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्हें कर्नाटक के चंदन का पौधा भेंट किया। ट्री मैन के नाम से मशहूर डॉ कौशल ने केंद्रीय मंत्री से अपने जापान के पांच दिवसीय दौर के अनुभव से अवगत कराया। उन्हें बताया कि उनके द्वारा चलाया गया पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट के 49वें वर्ष पर जापान के टोक्यो से इस वर्ष की कार्यक्रम का उद्घाटन वृक्षों पर रक्षाबंधन और पौधा वितरण कर किया गया है। वहां अंतरराष्ट्रीय मंच पर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन के साथ संबोधन करने का भी उन्हें सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में जापान के डायरेक्टर किची नाकाजी मां और टोक्यो के चेयरमैन सराहा रिफंड ने उन्हें जीवन का 74वें अवार्ड के रूप में ट्री मैन ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा जो भारत के लिए का गर्व की बात है। इसके लिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने डॉ कौशल को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए अभियान को जारी रखने को कहा है। मौके पर सूरज कुमार जायसवाल भी मौजूद थे।

## डीसी और एसपी ने स्वतंत्रता दिवस परेड के पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

# आत्मविश्वास और देश प्रेम की ऊर्जा के साथ मनायें स्वतंत्रता दिवसः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



स्वतंत्रता दिवस परेड के पूर्वाभ्यास में शामिल देवघर डीसी-एसपी एवं अन्य।

**देवघर।** केकेएन स्टेडियम में बुधवार को डीसी सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी अजित पीटर डुंगडूग की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जैप-5 के जवानों की टुकड़ी सहित महिला-पुरुष पुलिस जवान, गृह रक्षा वाहिनी के कैडेर और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सार्जेन्ट मेजर की ओर से पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया गया। इसके अलावे स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के तहत्तपरेड का भी पूर्वाभ्यास पहले से ही चल रहा था। इस दिन अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस मौके पर डीसी ने सभी का उत्साहवर्द्धन किया। कहा कि चेहरे पर आत्मविश्वास, उत्साह और राष्ट्र प्रेम की ऊर्जा के साथ कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। डीसी ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय ध्वजारोहण के लिए मुख्य समारोह के साथ ही संध्या पहर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें झारखंड की कला संस्कृति एवं इतिहास के साथ ही देश की गौरवशाली गाथा को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस मौके पर जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, डीएसपी (हेडक्वार्टर), सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी आदि आदि उपस्थित थे।

## सपा नेता कमलेश ने गुरुजी को दी श्रद्धांजलि



**हरिहरगंज/पलामू ((आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विस के समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी रहे कमलेश यादव ने बुधवार को नेमरा गांव में जाकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शिबू सोरेन के जीवन और उनके आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए किये गये कार्यों को याद किया। कहा कि शिबू सोरेन ने झारखंड के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आदिवासी समुदाय के हितों के लिए संघर्ष किया। उनके निधन से झारखंड की राजनीति में एक बड़ा शून्य हो गया है।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर मनातू में बैठक

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने की। बताया गया कि मुख्य कार्यक्रम स्थल पर शुक्रवार की सुबह 8.45 बजे ध्वजारोहण होगा। साथ ही, प्रखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों और संस्थानों में भी ध्वजारोहण एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें शहीद स्मारक, प्रखंड कार्यालय मनातू, मनातू थाना, उप स्वास्थ्य केंद्र मनातू, वन विभाग कार्यालय, कन्या मध्य विद्यालय, बालक मध्य विद्यालय मनातू, पंचायत सचिवालय मंझौली, कार्तिक उच्च विद्यालय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शामिल हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि समारोह के दिन पूरे प्रखंड में देशभक्ति का माहौल बनाने के लिए सजावट और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मौके पर सीओ मदन कुमार सुमन, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, बीपीओ रणधीर प्रकाश, बीपीआरओ शमीम अंसारी, मंझौली पंचायत के मुखिया पति उमेश प्रसाद साहू आदि उपस्थित रहे।

# मनातू के सस्तीरवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था दयनीय

## स्कूल आने वाली एकमात्र शिक्षिका भी मोबाइल फोन पर ही रहती हैं व्यस्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**मनातू/पलामू।** प्रखंड के डुमरी पंचायत स्थित सस्तिरवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की हालत बेहद दयनीय है। ग्रामीणों ने विद्यालय की वास्तविक स्थिति को उजागर करते हुए एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें कई गंभीर खामियां साफ देखी जा सकती हैं। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय के सचिव कृष्ण यादव एवं शिक्षक अपने कर्तव्यों का सही से पालन नहीं कर रहे हैं। वीडियो में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शिक्षक कभी समय पर विद्यालय नहीं आते, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। बच्चों का कहना है कि उन्हें सिर्फ दाल-भात दिया जाता है, जबकि अंडा और फल का वितरण आज तक नहीं हुआ। इस लापरवाही से पोषण आहार योजना पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विद्यालय में एकमात्र शिक्षिका अक्सर ड्यूटी के समय मोबाइल फोन पर ही व्यस्त रहती हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में अनुशासन और शिक्षण गतिविधियों का अभाव साफ महसूस किया जा सकता है। सुबह 10 बजे तक भी कई बार शिक्षक विद्यालय नहीं पहुंचते, जबकि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के तहत सुबह नौ बजे तक अंगूठा लगाना अनिवार्य है। ऐसे में यह संदेह उत्पन्न होता है कि उपस्थिति दर्ज करने में गड़बड़ी और समय प्रबंधन में कोई खेल किया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक विद्यालय सचिव कृष्ण यादव भी अक्सर विद्यालय से नदारद रहते हैं। उनकी अनुपस्थिति में विद्यालय संचालन की स्थिति और भी खराब हो जाती है। यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि आए दिन इस तरह की स्थिति देखी जा रही है। इस लापरवाही के चलते बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा बनाये गये इस वीडियो ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इससे साफ है कि विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में गंभीर अनियमितताएं हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही पोषण मिल सके। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर और भी नीचे चला जाएगा।

# इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति बढ़ता है सम्मान : कुशजी

**जपला सरस्वती विद्या मंदिर में कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से पाचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। यह प्रतियोगिता भगवान कृष्ण के जीवन और उनके विभिन्न रूपों को दर्शाने के लिए आयोजित की गई थी। छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण, बाल गोपाल, माखन चोर और अन्य विविध रूपों में सज्जित होकर अपनी सृजनशीलता और प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रांगण में अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों ने मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल की ओर से बच्चों की प्रस्तुति का आकलन किया गया और विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने सभी छात्रों को उनके अद्वितीय प्रयास की सराहना की। कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान उत्पन्न करती हैं। इस आयोजन ने यह साबित किया कि छोटे बच्चे भी अपनी प्रतिभा और निष्ठा से बड़े कार्य कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में छाया कुमारी, सुषमा गुप्ता, अनुराधा मेहता, श्वेता चौबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जबकि कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य राजेश्वर सिंह यादव ने किया।

## देवघर के सारवां में भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा रैली



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले के सारवां प्रखंड में भाजपा की ओर से बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा रैली निकाली गयी। जिसकी अगुवाई प्रखंड अध्यक्ष गौतम राय ने की। इसमें मुख्य रुप से मंडल कार्यक्रम प्रभारी दिवाकर गुप्ता, जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार और जिलामंत्री बलराम पोद्दार उपस्थित रहे। रैली सारवां हाई स्कूल परिसर रंगमंच से निकल कर मंझिलाडीह, गोलाबाजार, पांचुडीह, बसस्टैंड, ब्लॉक परिसर होते हुए महतोडीह मोड सुबोध चाय दुकान के पास पहुंच कर समाप्त हुआ। तिरंगा यात्रा रैली में कार्यक्रम के संयोजक जयप्रकाश मिश्र, सह संयोजक सचीन प्रजापति, कृष्णा नंद सिंह, सुनील मंडल, संजय प्रसाद, पंकज सिंह, श्रीकांत राव, रघुनाथ प्रसाद वर्मा, रामलाल मंडल, राम विष्णु मंडल, श्याम चरण राय, सीताराम हाजरा, रामप्रसाद हांसदा, संतोष सिंह, संजय वर्मा, वरुण दुबे, राजेश कुमार सिंह, विपिन राय, मनकु सिंह, मोहित ठाकुर, रोहिताश्व सिंह, त्रिपुरारी शाही, भागीरथ मंडल, दयानंद राय, कुनंदन राय, मृत्युंजय राय, सुबोध राय, सोनी दवी, संगीता कुमारी, रुबी देवी, रीना देवी, रुपम कुमारी, रीता देवी, सोनी वर्मा, सबनम, निलम देवी सहित सैंकडो कार्यकर्ता एवं आम जन शामिल रहे।

## भाजपा ग्रामीण ने निकाली तिरंगा यात्रा



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर से भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेंद्र भोक्ता के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसमें दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। यह यात्रा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों से घूमते हुए डालमिया चौक पहुंची. जहां इसका समापन हुआ। तिरंगा यात्रा प्रभारी रविंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि प्रदेश के दिशा निर्देश पर यह यात्रा निकाली गई है। इस मौके पर राजेश कुमार पाठक, धनंजय रवानी, अनूप कुमार, शिबू सिंह, कांग्रेस चौधरी, फुलेश्वर मंडल, अजय, सरजू दास, दीनदयाल राय, रणजीत राय, दीपक सिंह, भावदेवी रावत, योगेंद्र रवानी, सुरेश रवानी, राधे रवानी, टैटू रवानी, बसंत रवानी, टुनटुन सिंह, अवध सिंह, सियाराम मढैया, रविंद्र और पंचू दास आदि उपस्थित रहे।

## एके सिंह कॉलेज के एनएसएस ने निकाला तिरंगा यात्रा




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा योजना जपला की एके सिंह कॉलेज इकाई की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका नेतृत्व नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया। इस दौरान स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे के साथ महाविद्यालय परिसर से रैली निकाल कर कुसुवा गांव होते हुए जपला देवरी मेन रोड तक पहुंची। रैली में शामिल लोग शान से तिरंगा फहरा रहे थे। इस दौरान प्राचार्य प्रो डॉ आनंद कुमार ने स्वयंसेवकों और अन्य विद्यार्थियों को अपने देश और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव 'इदं न मम इदं राष्ट्राय स्वाहा' का संदेश दिया। इसमें शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी, स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मीडिया प्रभारी डॉ आलोक रंजन ने बताया कि 79 वां स्वतंत्रता दिवस एके सिंह कॉलेज में ध्वजारोहण के साथ मनाया जा रहा है। ध्वजारोहण शुक्रवार की सुबह 10.45 बजे होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। कहा कि सभी स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## नगर प्रशासक ने डंपिंग यार्ड का किया निरीक्षण



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद की ओर से शहर में साफ-सफाई के बेहतर प्रबंधन के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु की ओर से नगर के डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित कर्मचारी को निर्देश दिया कि शहर से समय पर कचरा उठाव किया जाए एवं कचरा प्रबंधन के लिए भी सभी उचित कार्रवाही की जाए। नगर प्रशासक ने बताया कि कचरा प्रबंधन नगर परिषद के लिए एक अहम कार्य है जिसके लिए सभी कर्मचारी प्रतिबद्ध है। इसमें आम जानकी भागीदारी भी काफी आवश्यक है, क्योंकि कचरा प्रबंधन की शुरूआत घर-घर से ही शुरू होती है। सूखा कचरा एवं गीला कचरा आदि को अलग-अलग डस्टबिन में रखें एवं उन्हें अलग-अलग डस्टबिन में डालें, ताकि नगर परिषद को सभी तरह कचरे का निवारण करने में सहयोग हो सके। डंपिंग यार्ड के जांच के क्रम में नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम भी उपस्थित रहे। उन्होंने नगर प्रशासक को कचरा प्रबंधन के लिए किये जा रहे विशेष प्रयास से अवगत कराया। साथ ही आम जनों से भी नगर प्रशासन को कचरा प्रबंधन में सहयोग करने का आग्रह किया गया।

# गूंगा टोली में दंपति को टांगी से किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी गूंगा टोली गांव में एक व्यक्ति ने वृद्ध दंपति 60 वर्षीय अवध मुंडा और उसकी पत्नी एतवारी मुंडा को टांगी से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना मंगलवार की देर रात 11बजे की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव का ही चमरू उरांव शराब के नशे में धुत होकर अवध मुंडा के घर पहुंचा और दरवाजा को लात मार कर तोड़ दिया। घर के अंदर सोए पति-पत्नी को टांगी से काट दिया। अवध मुंडा के चेहरे में गंभीर चोट लगी जबकि उसकी पत्नी को टांगी के बेंत से मारने लगा। पत्नी किसी तरह घर से भाग कर अपनी जान बचायी और ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। इसके बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले जाया गया। इलाज के बाद पत्नी की छुट्टी कर दी गई जबकि पति को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार की सुबह 8 बजे अवध मुंडा को सदर अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी देते हुए अवध मुंडा ने बताया गांव के कुछ लोगों का बकरी चमरू के धान के खेत में चला गया था। चमरू का कहना था कि अवध का बकरी ही धान खा गया। इसी बात को लेकर वह गुस्से में था।

## डुमरी थाना में शांति समिति की बैठक



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य आगामी चेहल्लुम एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वानसी न।उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के पर्व आपसी भाईचारा और एकता का संदेश देते हैं। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। बीडीओ उमेश कुमार स्वानसी ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों पर ध्यान न देने और किसी भी स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करने की अपील की। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पुलिस टीम लगातार गश्त करेगी और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे पर्व के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने में हरसंभव सहयोग करेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से मुखिया प्रदीप,चेतन मिंज, जगरनाथ उरांव, मकबूल अलम मंजूर आलम, एजाज रागिब, अनिल ताम्रकार, सहित पंचायत के मुखिया एवं स्थानीय प्रबुद्ध उपस्थित थे।

## प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल विषय पर दिया प्रशिक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में टाटा स्टील फाउंडेशन मानसी परियोजना के तहत सैम मैम बच्चों की पहचान और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविका माता मृत्यु दर शिशु मृत्यु दर कम करने को लेकर कई जानकारी दी गई। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों की पहचान उनके खान-पान क दोनों के देखभाल हेतु कई जानकारी बताई गई। ताकि जच्चा बच्चा को किसी भी तरह की परेशानी न हो। कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष रूप से ध्यान दें। वही आंगनबाड़ी सेविकाओं ने जमीन पर बैठकर प्रशिक्षण लेने पर नाराजगी जताई। बता दे की आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रखंड स्तरीय बैठक या किसी भी तरह के प्रशिक्षण में अधिकतर जमीन पर बैठकर ही कार्यों को करना पड़ता है। बैठक हेतु रूम का आवंटन किया गया। लेकिन उक्त भवन में विभागीय समान रखा होता है। मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जीवन सिंह विपिन सिंह रौनक ऋतुराज रीना कुमारी सहित कई आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को मंडल अध्यक्ष जगत ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं पार्टी नेता शामिल हुए। यह आयोजन भारतीय स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद, जब तक सूरज चांद रहेगा भारत तेरा नाम रहेगा, आदि नारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूर्णतः देशभक्ति के रंग से सराबोर हो गया। इस अवसर पर भाजपा नेता भिखारी भगत ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाना है। यात्रा में उपस्थित सभी कार्यकताओं को हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गयी।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में लौंगा एफसी की टीम जीती



**बसिया (आजाद सिपाही)।** स्व मोनू गोप स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मैच 12 अगस्त को संध्या में हुआ। फाइनल मैच लौंगा एफसी और शेम ब्रदर गुमला के बीच हुआ जिसमें लौंगा एफसी टीम विजय रहा। मालूम हो कि बसिया निवासी स्व मोनू गोप के स्मृति में हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है और यह पांचवा सीजन था। टूर्नामेंट की शुरूआत बसिया स्टेडियम में 10 अगस्त को हुआ था जिसमे कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। विजेता टीम को 31 हजार जबकि उपविजेता को 21 हजार एवं दोनो टीम को ट्रॉफी दिया गया। इस अवसर पर अजय सिंह, आलोक टोपनो, प्रकाश साहू, पंकज सिंह, अर्जुन नायक, मनदीप राम, अंगद नायक, फिरु, हरीश, सुलभ,विष्णु, शम्भू, मंगलेश्वर समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## बैठक में पर्व सौहार्दपूर्ण मनाने का निर्णय



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार को रायडीह थाना परिसर में चेहल्लुम और कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी बैठक की अध्यक्षता रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने की। बैठक में पर्व सौहार्दपूर्ण मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अवैध धंधे व नशा पर रोक लगाने की बात कही गयी। मौके पर एसआई विनय कुमार, विनय लाल,कमलेश झा, जगनारायण सिंह, कुर्बान राय,नाजीर खान, योगेंद्र सिंह, खुशमन नायक, मांगु उरांव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## अधिकार और जिम्मेवारी विषय पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला शुरू



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा के अधिकार व जिम्मेवारी विषय पर दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव उप प्रमुख चंदन सिंह मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक आदि लोगों ने दीप प्रज्वलित कर विधि वक्त शुभारंभ किया।कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को ग्राम सभा के अधिकारों, कर्तव्यों और उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया को लेकर जागरूक करना है। मौके पर मास्टर ट्रेनर ने पेसा कानून, ग्राम सभा की कानूनी शक्तियां और स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं में सहभागिता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाएं अगर सशक्त होंगी, तो शासन की योजनाएं जमीन पर बेहतर तरीके से उतर सकेंगी। प्रमुख ने कहा कि ग्रामसभा लोकतंत्र की नींव है। विशेषकर अनुसूचित क्षेत्रों में इसे केवल बैठक तक सीमित न रख कर एक सक्रिय निर्णय कर्ता बनाना होगा।महिला प्रतिनिधियों को भी अपनी भूमिका को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की सशक्त भूमिका से गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता बढ़ेगी। कार्यशाला जेआईटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आयोजित की गई है इस मौके पर संस्था के राकेश कुमार अंकित भगत बृजेश दुबे सहित प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि एवं आंगनबाड़ी सेविका के अलावा कई लोगों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित अम्बेरा डीह सेमरा जंगल रोड में बीती रात अज्ञात वाहन के टक्कर से एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गयी। घटना की सूचना पर बुधवार की सुबह 10 बजे पालकोट थाना के एस आई संतोष कुमार सिंह घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लाया जानकारी के मुताबिक युवक विक्षिप्त था घटना मंगलवार की देर रात की बताई जाती है। सुबह लोगों ने युवक का कुचला हुआ शव सड़क पर देखा जिसकी जानकारी पुलिस को दी। संभावना व्यक्त की जाती है की अज्ञात वाहन टकरा मार दिया होगा हालांकि उसकी पहचान नहीं हो पायी है।

## चर्म, कुष्ठ और गुप्त रोग विशेषज्ञ 17 को गुमला में

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड के सुप्रसिद्ध चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड व गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप रविवार 17 अगस्त को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ संदीप से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।


































# चर्चित मंटू दास हत्याकांड का उद्भेदन, पांच गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** पुलिस ने माराफारी थाना अंतर्गत बांसगोंडा के चर्चित मंटू दास हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए एसआईटी ने आठ आरोपियों में से पांच को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा, देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इसके अलावा दो बाइक, लूटा हुआ चांदी का एक चेन, दो हजार रुपए नगद के साथ ही आरोपियों द्वारा इस्तेमाल में लाए जा रहे पांच स्मार्टफोन भी जब्त किया गया है। हालांकि हत्याकांड के तीन आरोपित अब भी फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग एसआईटी गठित की गई है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि हत्याकांड की घटना को लेकर उनके निर्देश पर डीएसपी हेडक्वार्टर अनिमेष गुप्ता के नेतृत्व में एसआईटी गठित किया गया था। जिसमें जिले के तेज तर्रार पुलिस ऑफिसर शामिल थे। जिसने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर छापामारी कर पांच आरोपियों को धर दबोचा है। कहा कि इन पांचों आरोपियों में एक को छोड़कर बाकी सभी का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। ये सभी चोरी, डकैती, लूट कांड, रंगदारी और गोलीकांड जैसे संगीत अपराधों में शामिल रहे हैं। पुलिस की पूछताछ में इन सबों ने हत्याकांड की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए पेटरवार थाना अंतर्गत वाइन शॉप में भी लूटपाट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। हत्याकांड का मास्टरमाइंड पेटरवार थाना अंतर्गत खेतको ग्राम निवासी बीरबल कुमार सिंह उर्फ निखिल सिंह उर्फ कटप्पा के विरुद्ध 8 कांड पूर्व में दर्ज हैं। जबकि जरीडीह नीचे बाजार निवासी शेखर कुमार उर्फ शेखर प्रजापति उर्फ साहिल, बारु निवासी प्रमोद कुमार धार एवं पेटरवार के खेतको टोला निवासी सूरज देव सिंह उर्फ बटलर के विरुद्ध भी एक-एक मामले पहले से दर्ज हैं।जबकि पांचवा आरोपी कृष कुमार जरीडीह बाजार देवी स्थान का रहने वाला है। बतातें चलें कि माराफानी थाना अंतर्गत बांसगोड़ा गोमिया जनरल स्टोर के समीप बीते एक अगस्त की देर रात को कुछ लोग इकट्ठा होकर कथित तौर पर शराब का सेवन करते हुए जुआ खेल रहे थे । तभी दो बाइक से आये कुछ नकाबपोश लोगों ने लूटपाट की। इसी क्रम में विरोध करने पर सेक्टर 12 गुमला नगर निवासी मंटू दास को गोली मार दी। इसके उपरांत उसे बीजीएस ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मोहम्मद आजाद खान ने घटनास्थल से फायर किया खाली खोखा बरामद किया एवं अन्य जानकारियां प्राप्त की।

# पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

## दोनों थे कभी अच्छे दोस्त, सोशल मीडिया पर खूब बनायी रील, अब जानी दुश्मन

- पीठ और कमर में फंसी हुई है गोली, पुलिस ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** पैसे के लेनदेन को लेकर मंगलवार की रात भूदा के रानी रोड इलाके में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान दीपक राम ने युवक ने नीरज साहू नामक 21 वर्षीय युवक को गोली मार दी। उधर, गोलीबारी से इलाके में भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल नीरज को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने रांची रेफर कर दिया। गोली नीरज के पीठ और कमर के बीच लगी है, जो फंसी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नीरज साहू और दीपक राम महावीर नगर में ही रहते हैं। नीरज कबाड़ का कारोबार करता है। उसने बरमसिया पुल स्थित जुदागिर राम के कबाड़खाने में कुछ कबाड़ का सामान बेचा था। लेकिन, उसे उसका पैसा नहीं मिला। कई दिनों से वह जुदागिर के बेटे दीपक राम से पैसा मांग रहा था। इसी बात पर दीपक और नीरज के बीच विवाद हो गया। मंगलवार की शाम भूदा इलाके में दीपक और नीरज आमने-सामने हो गये। उन्होंने घटना के लिए धनसार पुलिस को ज़िम्मेदार ठहराया। कहा कि इस इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। शिकायत के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। उधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि दीपक और नीरज पहले अच्छे दोस्त थे। दोनों अक्सर साथ देखे जाते थे। नीरज ने इंस्टाग्राम पर खूब रील भी बनाये, लेकिन, पैसों के कारण दोनों दुश्मन बन गए। जिस जगह गोली चली, उससे कुछ दूरी पर बरमसिया पुल के पास धनसार थाने की गश्ती पुलिस भी मौजूद थी। इसके बावजूद गोली चल गई। धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली क्राइम मीटिंग में थे। जब उन्हें सूचना मिली, तो उन्होंने तुरंत एक गश्ती दल को मौके पर भेजा।



घायल नीरज साहू को अस्पताल ले जाते परिजन।

# तीन अंचलों में शुरू हुई सफाई सिंदरी-कतरास में हड़ताल जारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रेमकी कर्मियों की हड़ताल को लेकर कर्मचारी ही दो गुटों में बंट गये हैं। एक गुट ने हड़ताल तोड़ते हुए धनबाद, छाताटांड़ और झरिया में सफाई शुरू कर दी है। जबकि दूसरे गुट के कर्मी सिंदरी और कतरास अंचल में हड़ताल पर डटे हैं। इस वजह से दोनों ही अंचलों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नगर निगम ने वैकल्पिक उपाय करते हुए अपने मजदूरों से सफाई शुरू कराई, लेकिन अभी तक सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पाई है। मंगलवार को रेमकी के हड़ताली कर्मचारियों ने रणधीर वर्मा चौक पर आकर विरोध प्रदर्शन किया। रेमकी कंपनी के अधीन कार्यरत सैकड़ों सफाई कर्मियों ने जनता श्रमिक संघ के बैनर तले रणधीर वर्मा चौक पर अपने मौलिक अधिकारों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पिछले चार दिनों से कार्य का बहिष्कार कर सभी सफाई कर्मियों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखा है। वहीं, धरना प्रदर्शन के बाद जनता श्रमिक संघ के वरिष्ठ अधिकारियों ने धनबाद एसडीओ को ज्ञापन देकर सफाई कर्मियों के मौलिक अधिकारों के हनन होने का हवाला देते हुए कार्रवाई की मांग की। इस दौरान संघ के नेता प्रदीप कुमार सिन्हा, केडी पांडेय, शैलेंद्र सिंह उर्फ छोटू समेत जनता श्रमिक संघ के वरिष्ठ कनिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# असंगठित मजदूरों की समस्याओं के निदान को लेकर बीसीकेयू कार्यकर्ताओं का धरना

**झरिया/अलकडीहा (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के 9 और 6 नंबर साइडिंग में वर्षों से कार्यरत 254 असंगठित मजदूरों की समस्याओं के निदान के लिए बुधवार को बीसीकेयू कार्यकर्ताओं ने बीसीसीएल लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय सचिव शिवकुमार सिंह एवं भगवान दास पासवान के नेतृत्व में आयोजित आंदोलन में मजदूरों ने अपनी मांगो को लेकर जमकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाये। यूनियन के केंद्रीय सचिव सुरेश प्रसाद गुप्ता ने प्रबंधन से कहा कि साइडिंग के मजदूरों को कंपनी में स्थायीकरण करने को लेकर यूनियन द्वारा कई वर्षों से कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 75 मजदूरों को स्थायीकरण करने का फैसला दिया है, जिसे बीसीसीएल प्रबंधन मानने से इनकार कर रही है। यह न्यायालय के आदेश की अवमानना है। यूनियन ऐसे अधिकारी के खिलाफ न्यायालय से कार्रवाई करने की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि साइडिंग के मजदूरों की काटी गयी पीएफ कटौती राशि को प्रबंधन द्वारा नियमित जमा नहीं किये जाने से मजदूरों को उसका हिसाब नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रबंधन से साइडिंग में शेड का निर्माण करने, मजदूरों के लिए तत्काल स्वास्थ्य कार्ड, वेतन पर्ची निर्गत करने, पानी की व्यवस्था, रैयत दिनेश देव और जीतन महतो के अधिग्रहण की गई जमीन के बदले नियोजन देने सहित नौ सूत्री मांगपत्र की समस्याओं का अविलंब समाधान किया जाये। वहीं, संयुक्त महामंत्री मानस चटर्जी ने प्रबंधन को चेताते हुए कहा कि वे मजदूरों और यूनियन की धैर्य की परीक्षा ना ले। अन्यथा उग्र आंदोलन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामवृक्ष धाड़ी ने किया। मौके पर सबूर गोराई, शिवकुमार सिंह, सलाउद्दीन अंसारी, सुरेश पासवान, जितेंद्र निषाद, मधु बनर्जी, विनोद पासवान, देवनंदन पासवान, सुरेंद्र पासवान आदि उपस्थित थे।

# वाहन में फर्जी पुलिस, प्रेस और संगठन का बोर्ड लगाने वालों पर चलेगा कानून का डंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में वाहनों पर पुलिस, प्रेस, मानवाधिकार या अन्य संगठनों का फर्जी बोर्ड लगाने वालों के खिलाफ बुधवार से कार्रवाई शुरू की गयी। एसएसपी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार की रात जिला पुलिस मुख्यालय में हुई अपराध समीक्षा बैठक में ट्रैफिक विभाग और सभी थाना प्रभारियों को यह निर्देश दिया गया। एसएसपी ने बताया कि वाहनों में फर्जी संगठनों का बोर्ड लगाना गैर कानूनी है। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। इस महीने ऐसे लोगों की पहचान में तेजी लाई जाएगी। उनसे जुर्माना वसूला जायेगा। गाड़ियों में गलत ढंग से पुलिस, प्रेस और झारखंड एवं भारत सरकार लिखने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जायेगी। एसएसपी ने बताया कि लगातार चलाये जा रहे अभियान से जागरूकता आई है। जुलाई महीने में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से 65 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। कई लोग ऑनलाइन चालान कटने के बावजूद भुगतान नहीं कर रहे हैं, ऐसे लोगों को नोटिस देकर उनका लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा। एसएसपी ने बताया कि जुलाई महीने में रिकार्ड तोड़ 1009 केस का निष्पादन किया गया। पहले धनबाद में 4100 केस लंबित थे, अब इनकी संख्या घट कर 3100 हो गई है। जुलाई महीने में आपराधिक मामलों में 25 प्रतिशत तक कमी आई है। एसएसपी ने कहा कि यदि कोई भी रंगदारी मांगता है तो इसकी तुरंत जानकारी थाने में दें। अपराधी चाहे कहीं का हो पुलिस को सूचना दें। उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होगी। एसएसपी ने बताया कि 15 अगस्त को लेकर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। बैठक में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे पिछले पांच वर्षों के चार्जशीटेड अपराधियों का सत्यापन करें। ऐसे लोगों के खिलाफ 10 दिनों तक लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि यदि थाना से शिकायत की रिसिंव नहीं मिल रही है, थानेदार एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी करते हैं या लगातार फरियादी को थाना का चक्कर लगवाया जा रहा है तो इसकी शिकायत सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी से करें। ऐसे थाना प्रभारियों पर कार्रवाई होगी।

# राजगंज में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** भाजपा राजगंज मंडल की ओर से बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो ठाकुरबाड़ी से शुरू होकर पूरे राजगंज बाजार का भ्रमण करते हुई निकली। भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्ति कर दिया। भाजपा ने 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया है। नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज भारत की एकता, संप्रभुता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस मौके पर भाजपा नेता विक्रम पांडेय, सुरेश महतो, नीलकंठ रवानी, रमेश महतो, गौतम साव, अजय साहनी, लखी चंद्रा रजवार, मनोज महतो, सुनील मंडल, प्रेम सोरेन, डब्ल्यू सिंह, राहुल कुमार, सुनील साव, कामेश्वर महतो, दिलीप गोस्वामी, राजू गोराई, अजय राम और सत्यनारायण कुम्हार आदि थे।

# भाजपा बस्ताकोला मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**झरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा बस्ताकोला मंडल ने बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष तरुण राय ने किया। यह तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौक से माइंस रेस्क्यू होते हुए अंबेडकर तक पहुंची। इस दौरान हाथों में तिरंगा लेकर कदम से कदम मिलाकर लोग चलते नजर आये। इसमें कार्यक्रम प्रभारी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, संयोजक एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामजीत भुइंया, मंडल अध्यक्ष तरुण राय, महामंत्री संतोष रवानी, रामदेव शर्मा, बप्पी बाउरी आदि मौजूद थे।

# मैथन के निमार्णाधीन आइएसएम कैंपस में बने 26 अवैध मकान तोड़े गये

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मैथन के बनमेढ़ा में निमार्णाधीन आइएसएम कैंपस के अंदर अवैध तरीके से रह रहे लोगों के मकानों को मंगलवार को जेसीबी से तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान मजिस्ट्रेट नारायण राम, एगयारकुंड अंचलाधिकारी कृष्णा मरांडी एवं केलियासोल अंचलाधिकारी अशोक कुमार सिन्हा के साथ ही भारी संख्या में जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे। बताया जा रहा कि जिला प्रशासन एवं अंचल कार्यालय की ओर से कई बार अकिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जा चुका है। बावजूद लोग वहां से नहीं हटे। इसके बाद प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गयी और आइएसएम की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे 26 कच्चे एवं पक्के मकानों को जेसीबी से तोड़ दिया गया। इस संबंध में एग्यारकुंड सीओ कृष्णा मरांडी ने कहा कि आइएसएम की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों को दो-तीन साल से नोटिस दिया जा रहा था। उन्हें समय भी दिया गया, लेकिन जमीन खाली नहीं की। थक हार कर उनके खिलाफ कार्वाई की गयी। जो आगे भी जारी रहेगा।

# डीसी-एसपी ने किया परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण, तिरंगा झंडे को दी सलामी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। बुधवार को सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ। जिसका निरीक्षण डीसी अजय नाथ झा एवं एसपी हरविंदर सिंह ने किया। परेड के निरीक्षण के बाद डीसी ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान डीसी एवं एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। परेड में सीआरपीएफ का एक प्लाटून, सीआइएसएफ का एक प्लाटून,जिला सशस्त्र बल का एक प्लाटून, जिला बल पुरुष का एक प्लाटून, जिला बल महिला का एक प्लाटून, गृह रक्षक बल का एक प्लाटून, चौकीदार पुरूष चौकीदार महिला बल का एक-एक प्लाटून, एनसीसी का एक प्लाटून एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का तीन प्लाटून शामिल रहा। इधर,स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर पुलिस लाइन मैदान की रंगाई-पुताई कर समारोह स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का जायजा लिया गया। सभी प्लाटूनों ने निर्धारित समय पर कार्यक्रम को पूरा किया है। बारिश को देखते हुए ऐतिहातन कुछ और अतिरिक्त व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा झ्र निर्देश दिया है। सभी प्रवेश द्वारों पर दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी, व जवान तैनात रहेंगे। मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन आदि थे।

# चिरेका आरपीएफ जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा




**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को रेलनगरी चित्तरंजन में आरपीएफ ने तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को तिरंगा के मान सम्मान के प्रति जागरूक किया। चिरेका आरपीएफ जवानों ने बाइक रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा निकाली, जो चिरेका एडब्लू से शुरू होकर अमलादही मार्केट से होते हुए चिल्ड्रन पार्क, फतेहपुर, सिमजुड़ी 85, सुन्दर पहाड़ी नार्थ, डीवी व्याज, गलोरीयस अशोक एवेन्यू, पेट्रोल पंप, जीएम आफिस आउट गेट से चिल्ड्रन पार्क होते हुए एडब्लू कार्यालय जाकर संपन्न हुआ। इसमें महानिरीक्षक सह पीसीएससी-सीआरजे-सीएलडब्ल्यू सत्य प्रकाश, एएससी-सीएलडब्ल्यू सोमनाथ चक्रवर्ती, निरीक्षक सीआईबी सीएलडब्ल्यू नरेंद्र सिंह, आईपीएफ-पी कुमार, केएस राव, पी विश्वास, प्रीति भारती, वीके तिवारी, एम पासवान, एम प्रसाद, अंजन चटर्जी आदि शामिल हुए।

# 10 साल पहले लाखों खर्च कर बना आंगनबाड़ी भवन खंडहर में तब्दील

## आंगनबाड़ी में बच्चों का भविष्य और शौचालय दोनों अधूरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/पदुगोड़ा।** कुलटांड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की दुर्दशा सरकारी योजनाओं और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर गहरे सवाल खड़े कर रही है। नौनीहाल आज भी शौचालय के अभाव में जंगल और झाड़ियों में शौच करने को मजबूर हैं। बरसात के मौसम में यह मजबूरी और कष्टकारक और जानलेवा तक बन गयी है। क्योंकि सांप-बिच्छू और जहरीले कीड़ों के काटने का खतरा प्रबल हो गया है। स्थिति इतनी दयनीय है कि स्थानीय स्तर पर कपड़े की घेराबंदी कर अस्थायी शौचालय बनाया गया, जो अब गांव में अलग ही चर्चा का विषय है। क्षेत्र में चर्चा है कि जब बच्चों के लिए लाखों रुपये खर्च कर नया आंगनबाड़ी भवन वर्षों पहले बना दिया गया था, तो अब तक उन्हें वहां स्थानांतरित क्यों नहीं किया गया?। जांच से सामने आया है कि नया आंगनबाड़ी भवन पिछले 10 साल से अधूरा पड़ा है और अब खंडहर का रूप ले चुका है।







### ‘मॉडल’ भवन बना सफेद हाथी

पुराने भवन की दीवार पर लिखा 'सौजन्य से बीसीसीएल' और उसके ठीक ऊपर ‘मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र’। यह लिखावट लोगों में सवाल खड़े कर रही है। क्या बीसीसीएल ने वास्तव में इस भवन में फंड दिया था या फिर सिर्फ कागजों पर पैसा दिखाकर नौनीहालों के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह मामला सीधे-सीधे भ्रष्टाचार और लापरवाही का खुला उदाहरण है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद, सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। क्षेत्र के लोग मांग कर रहे हैं कि फंड आवंटन से लेकर निर्माण तक की उच्चस्तरीय जांच हो। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने डीसी और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का आश्वासन तो दिया, लेकिन अब तक सिर्फ फाइलों में कागज दबे पड़े हैं। पदुगोड़ा के मुखिया महेश पटवारी ने कहा कि यदि आंगनबाड़ी भवन में बीसीसीएल का फंड या भ्रष्टाचार हुआ है, तो इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने पंचायत के तीन अर्धनिर्मित भवनों के निजी उपयोग को चिंताजनक बताया। नये केंद्र की शिफ्टिंग पर कहा कि यह पूर्व मुखिया के कार्यकाल में बना था, और मुद्दा अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Email: Website: www.latehar.nic.in**

**Request for Proposal (RFP)**
**FOR**
**SELECTION OF AGENCY FORSUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS “MODULAR KITCHEN” ATKGBV LATEHAR RESIDENTIAL SCHOOL OF DISTRICT LATEHAR.**
**Fact Sheet**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as “Modular Kitchen” atKGBV Latehar Residential School,Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 13 /08 /2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 27/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 29 /08/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 29 /08/ 2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakhrupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1: -** The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2: -** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

District Planning Officer, Latehar

PR 359476 (Planning and Development)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –04/RE/2025–26 (2nd call)**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–21-08-2025 से दिनांक–22-08-2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 23.08.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 23.08.2025 (अपराह्न 3.30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा प्रखण्ड के बजरंग नगर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 2 | डोमचाँच प्रखण्ड के डोमचाँच उत्तरी–2 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

PR 359486 Rural Work Department(25-26).D

## बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले में हुई सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा प्रक्रिया वोटर फ्रेंडली

- 11 में से कोई एक डॉक्यूमेंट मांगा
- सिंघवी ने कहा कि 1-2 फीसदी के पास स्थायी निवासी प्रमाणपत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआइआर पर बुधवार को भी सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने एसआइआर को वोटर फ्रेंडली बताया है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग ने 11 में से कोई एक दस्तावेज मांगा है। शीर्ष कोर्ट ने ये भी कहा एसआइआर में 11 दस्तावेज मांगे गये हैं, जबकि राज्य में पहले किये गये छोटे से वोटर रिवीजन में सात दस्तावेज मांगे गये थे। याचिकाकताओं के इस तर्क के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना लिस्ट से बाहर करने जैसा रवैया था। लेकिन इसमें दस्तावेजों की बड़ी संख्या (11) का मकसद लोगों को लिस्ट में रखना है।

याचिकाकताओं की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने मांगे गये दस्तावेजों की संख्या से असहमति जतायी। उन्होंने कहा कि बिहार में 1-2 फीसदी लोगों के पास स्थायी निवास प्रमाणपत्र होगा। अगर राज्य में जनसंख्या के आधार पर डॉक्यूमेंट्स की उपलब्धता की बात करें तो यह काफी कम है। वहीं प्रशांत भूषण ने कहा कि लगभग 8 करोड़ मतदाता हैं। मैं गारंटी दे सकता हूं कि जिन लोगों के गणना फॉर्म प्राप्त हुए हैं, उनमें से 25% से अधिक लोगों ने एक भी दस्तावेज नहीं दिया है। इछड ने गणना फॉर्म भर दिये हैं और उन पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। ये 11 दस्तावेज नागरिकता का प्रमाण नहीं हैं। भूषण ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के पास एक भी दस्तावेज नहीं है। लगभग 40% लोगों के पास केवल मेट्रिकुलेशन का प्रमाणपत्र है, लेकिन कुल मिलाकर 50 फीसदी से ज्यादा लोगों के पास एक भी दस्तावेज नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में सुनवाई चल रही है।

# विपक्ष उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा, 18 अगस्त को बैठक

- खड़गे इंडिया ब्लॉक के नेताओं से बात कर रहे, चुनाव 9 सितंबर को होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

भाजपा इस पद के लिए अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित कार्यकर्ता को उम्मीदवार बना सकती है। फिलहाल जिन नामों पर पार्टी में विचार चल रहा है, उनमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। अन्य नाम सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का भी है। लोकसभा में कुल 542 सदस्यों में से एनडीए के पास 293 और इंडिया गठबंधन के पास 234 सदस्य हैं।

राज्यसभा में 240 सदस्यों की प्रभावी संख्या में से एमडीए को करीब 130 और इंडिया गठबंधन को 79 सांसदों का समर्थन है। कुल मिलाकर एनडीए के पास 423 और इंडिया ब्लॉक के पास 313 सांसदों का समर्थन है। शेष सदस्य किसी भी खेमे से जुड़े नहीं हैं।

# हमारी आजादी, शौर्य और एकता का प्रतीक है तिरंगा : लक्ष्मण प्रसाद सिंह




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजधनवार।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को मनसाडीह मंडल अध्यक्ष अशोक राय व पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र यादव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मनसाडीह बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली। इधर राजधनवार में भी धनवार के नागरिकों ने धनवार मंडल अध्यक्ष अमीत कुमार साव के नेतृत्व में धनवार बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली। दोनों जगहों पर भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह शामिल हुए। यात्रा के दौरान लोगों से अपने-अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाने की अपील की गयी। यात्रा में सामिल लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारे लगा रहे थे।

इस दौरान भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं बल्कि हमारी आजादी, शौर्य और एकता का प्रतीक है। सभी लोग अपने अपने घरों में तिरंगा लगा कर राष्ट्र के प्रति समर्पण दिखायें। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है और कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। तिरंगा यात्रा में अमिन तिवारी, विजय अग्रवाल, नंदलाल साव, नीरज साव, भीम साव, भोपाल सिंह, शुशेन पाण्डेय, कृष्णदेव रजक, शंभु मोदी, विकास कुमार, सोहन यादव, विदेशी पासवान, बिनोद शर्मा और शैलजा सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# दुश्मन एक बूंद भी पानी नहीं छीन सकता : शहबाज शरीफ

- पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने भारत को दी धमकी
- ऐसा सबक सिखायेंगे कि जिंदगीभर याद रहेगा



**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। मंगलवार को राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखायेगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे। शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रोकने की कोशिश करता है, तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जायेगा। पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। बताते चलें कि भारत ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के दूसरे दिन 24 अप्रैल को पाकिस्तान के साथ 65 साल पुराना सिंधु जल समझौता रोक दिया था।

सिंधु जल समझौते के निलंबन को लेकर पिछले 48 घंटों में तीन पाकिस्तानी नेताओं ने भारत के खिलाफ धमकी भरे बयान दिये हैं। इनमें आर्मी चीफ आसिम मुनीर, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो शामिल हैं। बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं। सोमवार को दिये एक बयान में बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। भुट्टो ने दावा किया था कि पाकिस्तान के लोग 6 नदियों को वापस लेने के लिए जंग करने में सक्षम हैं।

# 15 को प्रधानमंत्री मोदी का लालकिले से 12वां संबोधन

- इस बार सेना के शौर्य को समर्पित होगा भाषण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस बार भी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी हो रही है। सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री अपने संबोधन से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देंगे। साथ ही, पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा। इसके अलावा, मोदी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के मामले में केंद्र के रोडमैप का ऐलान भी कर सकते हैं। इस बारे में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल सिफारिशें दे चुके हैं। राज्य के दर्जे की बहाली की औपचारिक घोषणा के बाद विधायी और कार्यपालिका के स्तर पर तेजी से कदम बढ़ाए जा सकेंगे। सूत्रों के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल करने के विधेयक में मौजूदा विधानसभा को राज्य विधानसभा के तौर पर आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा। महिला कल्याण, किसानों से जुड़े ऐलान हो सकते हैं मोदी हर साल अपने भाषण में ऐसे बड़े ऐलान करते हैं, जिनसे देश को दिशा मिले। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया आदि का एलान भी स्वतंत्रता दिवस पर ही हुआ है।

### इन पर घोषणाएं हो सकती हैं

**सेना का शौर्यः** इस बार का संबोधन ऑपरेशन सिंदूर सेना द्वारा दिखाये गये शौर्य को समर्पित होगा। मोदी आतंक के खिलाफ भारत की नयी रणनीति अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बतायेंगे। पीएम मोदी इसके कूटनीतिक और राजनीतिक पहलू बतायेंगे।

**राजनीति :** मोदी महिला कल्याण की नयी योजना और किसान सम्मान निधि को लेकर भी बड़ा ऐलान कर सकते हैं। इसका रोडमैप तैयार है।

**आत्मनिर्भरः** सैन्य बलों के आधुनिकीकरण के लिए आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के बारे में भी घोषणाएं हो सकती हैं।

**अर्थव्यवस्थाः** मोदी भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का रोडमैप भी दे सकते हैं, ताकि टैरिफ वॉर के बीच दुनिया हमारी ताकत महसूस करे।

# तिरंगा झंडा भारत की आन-बान और शान का प्रतीक है : जैलेंद्र




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** टाटीसिलवे मंडल द्वारा बुधवार को निकाली तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा पहलगाम में शहीद हुए लोगों की श्रद्धांजलि में निकाली गयी। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में जिला के मंत्री संजीत सिंह ने अहम भूमिका निभायी। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार भी शामिल हुए। इस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे भारत के आन-बान और शान का प्रतीक है। इसका सम्मान करना हमारा दायित्व है। इस यात्रा में वंदे मातरम जैसे देशभक्ति नारों का उद्घोष करके लोगों ने अपनी देशभक्ति व्यक्त की। कार्यक्रम के तहत पूरे भारत के अंतिम गांव तक के घरों में तिरंगा फहराना है। इसमें हर घर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए लगवाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा, रुद्रेश्वर राय, राजेश मिश्रा, श्रीदाम सिंह, केडी सिंह आदि शामिल थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

संख्या. एस. जी. 664–10– टेली–2025–26, धनबाद, दिनांक 11.08.2025

ई: निविदा सूचना सं एस. जी. 664–10–टेली–2025–26. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। क्रम सं० 1., कार्य का नाम : 1) धनबाद मंडल के BIRT-MMLN, TORI - SVPO, BRKA - SDWR-SHANKI - MESRA - TATISILWA और BRKA - BRKA AVO - BERMO खंड में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत एसएंडटी निर्माण इकाई द्वारा बिछाई गई / बिछाई जाने वाली OFC का वार्षिक रखरखाव अनुबंध तीन (03) वर्षों के लिए करने हेतु 2) धनबाद मंडल के MPO - PKA खंड में ABS/KAVACH की ओएफसी का तीन (03) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध करने हेतु। क्रम सं० 2. कार्य का आकलित मूल्य : ₹ 3,87,03,819.57, क्रम सं० 3. कार्य का अग्रधन राशि : ₹ 3,43,500.00, क्रम सं० 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 01–09–2025 (12:00 बजे)। क्रम सं० 5. ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य :– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

कृते व.मं.संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0752/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/25-26/48





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**